रोहतक
रविवार, 23 जून, 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा/द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 147
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 39.7
न्यून. 24.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 टी-20 वर्ल्ड कपः भारत ने बांग्लादेश को 50 रन से हराया, हार्दिक, कुलदीप छाए







## नीट-यूजी विवाद : केंद्र की बड़ी कार्रवाई, शिक्षा मंत्री बोले, एनटीए का शीर्ष नेतृत्व जांच के घेरे में

*अब प्रदीप सिंह खरोला होंगे एनटीए के नए महानिदेशक*

# एनटीए के डीजी सुबोध हटाए, जांच सीबीआई को सौंपी, आज होने वाली नीट-पीजी परीक्षा स्थगित

भाषा/एजेंसी/हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने नीट-यूजी विवाद को लेकर कई कड़े फैसले लिए हैं। केंद्र ने शनिवार रात घोषणा की कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में अनियमितताओं की जांच सीबीआई करेगी। वहीं सीबीआई ने यूपी में एक संदिग्ध से पूछताछ भी है। इससे पहले सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के डीजी सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया। उनकी जगह अब प्रदीप सिंह खरोला को नया डीजी नियुक्त किया गया है। वह कर्नाटक कैडर के 1985 बैच के रिटायर्ड आईएएस हैं। खरोला अभी इंडियन ट्रेड प्रोमोशन ऑर्गनाइजेशन के सीएमडी हैं। इसके अलावा सरकार ने परीक्षा सुधारों के लिए पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने माना कि पांच मई को आयोजित नीट-यूजी में अनियमितताओं के मामले सामने आए हैं। हालांकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नेट परीक्षा टालने के मामले में कहा कि एनटीए का शीर्ष नेतृत्व जांच के घेरे में, सीएसआईआर-नेट में कोई पेपर लीक नहीं हुआ। परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के सरकार परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है।

### सीबीआई ने उत्तर प्रदेश में एक संदिग्ध से की पूछताछ


प्रदीप सिंह खरोला


सुबोध कुमार सिंह

### 1563 छात्र आज देंगे दोबारा परीक्षा

रविवार को 1,563 अभ्यर्थी नीट-यूजी परीक्षा दोबारा परीक्षा देंगे। इन सभी को छह केंद्रों पर समय के नुकसान के चलते कृपांक दिए गए थे। पुनः परीक्षा सात केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। एक अधिकारी ने कहा, 'अन्य सभी परीक्षा केंद्र बदल गए हैं, लेकिन चंडीगढ़ में एक केंद्र पहले वाला ही रहेगा, जहां दो अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

### शीर्ष कोर्ट में एक और याचिका

सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका भी दायर की गई है, जिसमें नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए सीबीआई व ईडी को निर्देश देने की मांग की गई है।

### कांग्रेस का सरकार पर प्रहार

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके आसपास के लोगों की पूर्ण अक्षमता के कारण हर दिन परीक्षाएं रद हो रही हैं। भाजपा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है।

### दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीएसआईआर-नेट पेपर लीक होने की बात से इनकार किया और कहा कि परीक्षा तार्किक कारणों से स्थगित की गई है। उन्होंने कहा कि नीट-यूजी में किसी भी अनियमितता के लिए जिम्मेदार या इसमें शामिल किसी भी दोषी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। कड़ी कार्रवाई होगी

### रोहतक पीजीआई का छात्र रहा है नीट पेपर लीक का मास्टरमाइंड रवि

रोहतक। नीट पेपर लीक में रवि अत्री को मास्टर माइंड बताया जा रहा है। रवि नोएडा के नीमका गांव का निवासी है। वह पीजीआई रोहतक का छात्र रहा है। 2012 में उसने पीजीआई में एडमिशन लिया था। लेकिन वह एग्जाम माफिया के संपर्क में आया दूसरे छात्रों की जगह पेपर देने लगा। वह पेपर लीक करने वाले गैंग से जुड़ गया। अभी वह मेरठ की जेल में बंद है।

### प्रतियोगी परीक्षा प्रक्रिया में सुधार को 7 सदस्यीय समिति गठित की

शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने कहा कि सात सदस्यीय समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना व कार्यप्रणाली को लेकर सिफारिशें करेगी। समिति दो महीने के भीतर मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीजे राव और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली के पूर्व निदेशक रणदीप गुलेरिया इस समिति में शामिल हैं।


शिक्षा मंत्रालय का ऐलान, पूर्व इसरो प्रमुख राधाकृष्णन होंगे अध्यक्ष


### कमेटी में शामिल

- डॉ. के. राधाकृष्णन पूर्व इसरो चीफ (चेयरमैन)
- डॉ. रणदीप गुलेरिया पूर्व एम्स डायरेक्टर (सदस्य)
- प्रो. बीजे राव वीसी, सेंट्रल यूनि ऑफ हैदराबाद (सदस्य)
- प्रो. राममूर्ति रि. प्रोफेसर, आईआईटी मद्रास (सदस्य)
- शपंकज बंसल को-फाउंडर, पीपुल स्ट्रॉन्ग, मेंबर, कर्मयोगी भारत (सदस्य)
- प्रो.आदित्य मित्तल स्टूडेंट अफेयर्स डीन, आईटी दिल्ली (सदस्य)
- गोविंद जायसवाल जॉइंट सेक्रेटरी, शिक्षा मंत्रालय (सदस्य)

## झारखंड के देवघर से लीक हुआ नीट का पेपर, 6 आरोपित पकड़े

देवघर/पटना/नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार पुलिस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' पेपर लीक मामले में झारखंड के देवघर जिले से छह लोगों को हिरासत में लिया है। शनिवार को एक अधिकारी ने बताया कि नीट का पेपर यहीं से लीक हुआ था और व्हाट्सएप के जरीये बिहार पहुंचा था। सभी आरोपितों को बिहार पुलिस पटना लेकर आई है। इस मामले में अब तक 19 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उधर, दोनों राज्यों की पुलिस ने बताया कि नीट का पेपर झारखंड से ही लीक होने के सबूत मिले हैं। बिहार पुलिस का कहना है कि 5 मई को नीट की परीक्षा हुई थी। इस दौरान सूचना मिली थी कि कुछ छात्र और सेंटर के पास पेपर पहले से पहुंच गया है और उसे रटवाया जा रहा है। पुलिस जब वहां पहुंची तो जला पेपर मिला और बुकलेट नंबर 6136488 बरामद की गई थी। सूत्रों की मानें तो यह बुकलेट हजारीबाग के एक सेंटर की है। इससे यह माना जा रहा है कि पेपर झारखंड से ही लीक हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिहार पुलिस की कार्रवाई



### ये आरोपित गिरफ्तार

बिहार पुलिस ने बताया कि देवीपुरा में देवघर के पास एक घर से छह लोगों को हिरासत में लिया। आरोपितों में परमजीत सिंह, बलदेव कुमार, प्रशांत कुमार, अजीत कुमार, राजीव कुमार और पंकू कुमार के रूप में हुई है। ये सभी बिहार के नालंदा जिले के निवासी हैं। जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि नूरसराय उद्यान कॉलेज का कर्मी संजीव मुखिया ही पेपर लीक करने वाले गिरोह का सरगना है। संजीव को एक प्रोफेसर ने व्हाट्सएप पर पेपर भेजा था। इसके बाद पटना व रांची के मेडिकल स्टूडेंट्स की मदद से पेपर हल कराया गया और छात्रों में बांटा गया।

### खबर संक्षेप

### दिल्ली और एनसीआर में सीएनजी एक रुपये महंगी

नई दिल्ली। दिल्ली/एनसीआर में सीएनजी की कीमत में एक रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। आईजीएल द्वारा वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74.09 रुपये से बढ़कर 75.09 रुपये प्रति किलो हो गई है जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह दर 78.70 रुपये से बढ़कर 79.70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। अन्य शहरी गैस आपूर्तिकर्ताओं ने अभी तक कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं किया है। भाषा



### अमरनाथ गुफा में की गई पूजा, यात्रा 29 से

जम्मू। अमरनाथ गुफा में शनिवार को प्रथम पूजा की गई। एक सप्ताह में शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि तीर्थयात्रा को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही सुविधाओं में भी सुधार किया गया है। दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र गुफा मंदिर के लिए 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 29 जून को शुरू होगी। 19 अगस्त को रक्षाबंधन और श्रावणी पूर्णिमा के साथ यात्रा समाप्त होगी। पिछले साल 4.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यात्रा की थी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने कहा कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भगवती नगर आधार शिविर में व्यवस्थाओं की समीक्षा की। भाषा

*जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में फैसला*

## दूध के डिब्बों पर 12 फीसदी टैक्स रेलवे प्लेटफार्म टिकट होगा सस्ता

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शनिवार को जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक हुई। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। सीतारमण ने बैठक के बाद कहा कि जीएसटी परिषद् ने रेलवे की ओर से आम लोगों को दी जाने सेवाओं पर बड़ा फैसला लिया है। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटए, वेटिंग रूम, क्लॉक रूम और बैट्री ऑपरेटेड वाहनों के इस्तेमाल जैसी सुविधाओं को जीएसटी से बाहर कर दिया है। अब ऐसी सुविधाएं सस्ती हो जाएंगी। सभी दूध के डिब्बे पर 12% की एक समान जीएसटी दर निर्धारित करने की सिफारिश की है। इसके अलावा छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी अब जीएसटी नहीं देना होगा। सरकारी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए जीएसटी परिषद ने विभाग की ओर से अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, उच्च न्यायालय के लिए 1 करोड़ रुपये और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा की सिफारिश की है। (पेज 4 भी देखें)



### ये भी फैसले

- फर्जी बिलों पर रोक के लिए चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में बायोमेट्रिक ऑथेंटिफिकेशन लागू किया जाएगा।
- सभी तरह की जरी वाली चीजों पर 5% जीएसटी लगेगा।
- इंडस्ट्रियल इस्तेमाल में आने वाले एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल पर 18% जीएसटी
- प्रोमोटर को कंपनी के लिए कॉरपोरेट गारंटी देने पर जीएसटी नहीं देना होगा।
- जीएसटी एपीलेट ट्रिब्यूनल में प्रेसिडेंट की अधिकतम उम्र 67 से बढ़ाकर 70 साल।
- सोलर कुकर पर 12% जीएसटी।
- कार्टन बॉक्स पर 12% जीएसटी।



*पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़ा मामला, ईडी की छापेमारी*

## झारखंडः जमीन हड़पने के मामले में छापा एक करोड़ नकद और 100 कारतूस बरामद

रांची(भाषा)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ जमीन हड़पने से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में ईडी ने रांची में छापेमारी कर एक करोड़ रुपये नकद और 100 कारतूस जब्त किए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि कांके रोड स्थित एक परिसर में छापेमारी कर जब्ती की गईं। परिसर के मालिक की पहचान कमलेश सिंह नाम के व्यक्ति के रूप में हुई है। छापेमारी की यह कार्रवाई पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में की जा रही है, लेकिन यह एक अलग भूखंड से जुड़ा मामला है। एजेंसी ने कारसूत बरामद किए जाने के संबंध में शस्त्र अधिनियम के तहत पुलिस में मुकदमा भी दर्ज कराया है।

**दौलताबाद इंडस्ट्रियल एरिया में हादसा, 12 झुलसे, 6 गंभीर**

## गुरुग्रामः फायरबॉल फैक्ट्री में ब्लॉस्ट, चार की मौत

गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)। दौलताबाद इंडस्ट्रियल एरिया में फायरबॉल बनाने वाली फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात आग लग गई। इसके बाद फैक्ट्री में जबरदस्त धमाके हुए, जिससे पूरा इलाका दहल गया। भीषण आग लगने से 12 लोग झुलस गए। वहीं, कंपनी में तैनात सिक्योरिटी गार्ड समेत 4 लोगों की मौत हो गई। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। धमाकों के बाद आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। कंपनी में धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के मकान तक हिल गए।

**शॉर्ट सर्किट से आग :** आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया है कि फैक्ट्री में पड़े केमिकल के कारण विस्फोट हुए। पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। जिसमें फैक्ट्री में ब्लास्ट के बाद लाग लगती दिख रही है। गुरुग्राम के डीसी निशांत कुमार यादव ने इस मामले में एसडीएम के नेतृत्व में 5 सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है।

## भारत-बांग्लादेश के बीच दस समझौतों पर हस्ताक्षर

*दोनों देश आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमत*

नई दिल्ली (भाषा)। भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र समेत कई अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के बीच व्यापक वार्ता के दौरान समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने और 'हरित साझेदारी'' पर भी एक समझौता शामिल है।

*(पेज-4 भी देखें)*



**पीएम मोदी और शेख हसीना की मौजूदगी में करार**

### ये करार हुए

- बांग्लादेश के चिकित्सा रोगियों के लिए ई-वीजा
- राजशाही और कोलकाता के बीच नई रेल सेवा
- चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा
- गेदे-दरसाना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच दलगांव तक मालगाड़ी
- अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अंतर्देशीय कंटेनर डिपो बनेगा
- भारतीय ग्रिड के माध्यम से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली निर्यात
- बांग्लादेशी पुलिस अधिकारियों के लिए 350 प्रशिक्षण स्लॉट
- बांग्लादेश इंडो-पैसिफिक महासागर पहल में शामिल होगा
- यूपीआई की शुरुआत के लिए एनपीसीआई और बांग्लादेश बैंक के बीच वाणिज्यिक समझौता
- बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का उच्चायोग

**ऐलान** सीएम बोले, सरकारी नौकरियों में बैकलाग जल्द पूरा किया जाएगा

*राज्य स्तरीय संत कबीरदास जयंती समारोह को किया संबोधित*

## हरियाणा का 23वां जिला बनेगा गोहाना औपचारिकताएं पूरी करने में जुटी सरकार

सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने शनिवार को कहा कि गोहाना को जिला बनाने के लिए गठित की गई कमेटी औपचारिकताएं पूरी करने में जुटी है। यह काम पूरा होते ही गोहाना प्रदेश का 23वां जिला बनेगा। सीएम ने गोहाना में आयोजित राज्य स्तरीय संत कबीरदास जयंती समारोह में गोहाना में संत कबीर के नाम से चौक का निर्माण, गोहाना धानक शिक्षा सभा को लाइब्रेरी व लंगर हाल का निर्माण के लिए 31 लाख रुपये की राशि, भूमि उपलब्ध होते हुए रोहतक-जींद रोड पर बाईपास का निर्माण और सरकारी नौकरियों में बैकलाग को जल्द से जल्द पूरा करने का भी ऐलान किया। इसके अलावा, प्रथम व द्वितीय श्रेणी की पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने के लिए न्यायालय में सरकार द्वारा पूरजोर पैरवी करने का आश्वासन दिया।



- संत कबीर के नाम से चौक, लाइब्रेरी के लिए 31 लाख दिए
- रोहतक-जींद रोड पर बाईपास बनाने का ऐलान

**विपक्षी कर रहे दुष्प्रचारः** मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही प्रदेश में एससी और ओबीसी की धर्मशालाओं के लिए 100 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। विपक्षी लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं। उनके झांसे में न आएं।

### सर्व समाज हित के लिए काम कर रही सरकार

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब ने संत कबीर दास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार संत कबीर दास की शिक्षाओं व दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए सर्व समाज के हित में काम कर रही है। गरीब व्यक्ति को आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं। संत कबीर का पूरा जीवन समाज में फैले अंधविश्वास, जात-पात व रूढ़ीवादी परंपराओं को समाप्त करने के लिए समर्पित रहा, ताकि समस्त समाज का निर्माण हो। उनकी शिक्षाओं में संस्कृति और संस्कार भी है। संत कबीर सर्वधर्म संभाव के प्रतीक हैं।

फोटो 22 एसएनपी 5. कार्यक्रम के दौरान मंच से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह व कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

## खबर संक्षेप

### लाभार्थियों को कल अलॉट होंगे प्लाट

**चंडीगढ़।** शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को सौगात देने की तैयारी है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर ने बताया कि आगामी 24 जून को मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत बेनेफिशरी को प्लॉट अलॉट किये जाएंगे। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले सभी के अधिकारियों की बैठक ली। हरियाणा राज्य के पांच जिलों में ड्रॉ के जरिए प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। यह प्लाट सिर्फ घुमंतू जाति, विधवा और अनुसूचित जाति के आवेदकों को ही दिए जाएंगे। जिन आवेदकों ने फरवरी में बुकिंग की थी उनको ड्रॉ के माध्यम से प्लाट के नंबर अलॉट किये जाएंगे। यह कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से प्रदेश के 15 जिलों में आयोजित किया जाएगा।

### जिप अध्यक्ष की नियुक्ति की अधिसूचना जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 161 की उपधारा (4) के तहत प्रावधानों के अनुरूप काजल को जिला परिषद पानीपत की अध्यक्षा के रूप में उसके पूर्वाधिकारी की शेष अवधि के लिए अधिसूचित किया है। राज्य चुनाव आयोग, हरियाणा द्वारा जारी इस आशय की एक अधिसूचना अनुसार 14 जून 2024 को हुए चुनाव में काजल को सर्वसम्मति से जिला परिषद पानीपत की अध्यक्षा चुना गया था।

### 17 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ

**रेवाड़ी/चंडीगढ़।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल ने रेवाड़ी जलघर परिसर में 17 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर को नल से जल देने के लिए जल जीवन मिशन कार्यक्रम को लागू किया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में इस मिशन को सफलता पूर्वक चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज नया गांव में एक करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बन कर तैयार हुए नए जल घर का शुभारंभ किया गया है।

### विकास कार्यों को समय पर पूरा करें : शर्मा

**चंडीगढ़।** उद्योग वाणिज्य तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ के विकास कार्यों में कोई भी लापरवाही सहन नहीं होगी। अधिकारी निर्धारित समय पर विकास कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। मंत्री मूलचंद शर्मा शनिवार को बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था और पीने के पानी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर रहे थे। मंत्री ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ शहर के नाले, डिस्पोजलों और पीने के पानी की लाइन का संयुक्त निरीक्षण किया।

### डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाएंगे

**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी 23 जून को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को पूरे प्रदेश में मना रही है। जिला स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता हर शक्ति केंद्र पर डा. मुखर्जी के बलिदान दिवस को मनाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कार्यकर्ताओं के लिए जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सतपाल गुप्ता को संयोजक और नरेश सेन को सह संयोजक बनाया गया है।

### बच्चों का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता

**पंचकूला।** जिला उपायुक्त डा. यश गर्ग के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 15 पंचकूला में 29 जून तक विशेष समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप में स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार के आयाम का प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला बाल कल्याण अधिकारी भगत सिंह दलाल ने यह जानकारी दी।

---

## कुछ अधिकारी केंद्र व कुछ यूटी में जाएंगे, अभी तबादला सूची पर चल रहा मंथन

# अफसरशाही में फेरबदल का इंतजार हुआ लंबा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

राज्य की अफसरशाही में बदलाव और तबादला सूची का इंतजार लंबा होता जा रहा है। बताया जा रहा है कि बदलाव और सूची को लेकर होमवर्क पूर्ण हो चुका है, जिस पर हाईकमान की मुहर लगते ही यह जारी हो जाएगी। सीएमओ से एक वरिष्ठ अफसर के यूटी में जाने की चर्चा है। जबकि सीएम पीएस के केंद्र में जाने की तैयारी है। एचएसवीपी में तैनात टीएल सत्यप्रकाश भी केंद्र में जाने वालों की लाइन में हैं इसके अलावा प्रदेश से लेकर जिलों में तैनात अफसरों में बदलाव होना है।

- सीएमओ के एक वरिष्ठ अधिकारी की यूटी जाने की चर्चा
- टीएल सत्यप्रकाश भी केंद्र जाने की लाइन में

खास बात यह है कि सूची आने का हर रोज इंतजार हो रहा है लेकिन इसमें लगातार देरी होती जा रही है। पिछले माह से ही बदलाव की बयार की सूचनाएं चल रहीं थी। वैसे, आचार संहिता के हट जाने के तुरंत बाद भी बदलाव की तैयारी थी। लेकिन बड़ा बदलाव अभी तक नहीं हुआ है।

### समीक्षा बैठक में हो चुका मंथन, जल्द होंगे तबादले

लोकसभा चुनाव की समीक्षा और कई तरह के मंथन कई बार हो चुका है। एक बार फिर से रविवार को रोहतक में भाजपा का कार्यक्रम है। जिसमें नए प्रभारी और पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे, सभी इस दौरान वर्तमान सियासी हालात और लोकसभा चुनावों में पांच सीटों पर नुकसान होने व आने वाले विस चुनावों को लेकर भी रणनीति तैयार होगी। संभवतया इस बैठक में अफसरशाही और आने वाले वक्त में तबादले पोस्टिंग पर भी मंथन होगा। बताया जा रहा है कि जिलों में तैनात कुछ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का तबादला हो सकता है। अन्य अधिकारी भी बदले जाएंगे।

### सीएमओ में भी बदलाव की चर्चा



मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यकाल के सौ दिन पूरे हो गए है। वे एक एक कदम फूंक फूंक कर रहे हैं। पूर्व सीएम मनोहरलाल के अनुभव का फायदा भी सैनी को मिल रहा है। सूत्रों का कहना है कि सीएमओ (मुख्यमंत्री आफिस) में जहां कुछ चेहरों में बदलाव की तैयारी है। कई अफसर दिल्ली जाने की तैयारी में हैं, इक्का दुक्का अफसर यूटी चंडीगढ़ में तैनाती का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा लोकसभा चुनावों के दौरान मनमानी करने वाले अफसरों पर भी धीरे धीरे कार्रवाई की जा रही है। जनप्रतिनिधियों के साथ ठीक व्यवहार नहीं करने वालों पर शिकंजे के तहत ही तबादले की तैयारी है। कसे जाने की तैयारी है। सीएम और पूर्व सीएम ने यह बात सार्वजनिक तौर पर भी कह दी है।

---

## पुलिस अधिकारियो व कर्मचारियों के छुट्टी लेने पर दो माह की रोक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

केंद्र के तीन नए कानूनों को प्रदेश में एक जुलाई से लागू करने की तैयारी है, इसके कारण ही जुलाई माह के अंत तक पुलिस अफसरों और कर्मियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। डीजीपी का कहना है कि बेहद जरूरी हालात में ही अवकाश प्रदान किया जाएगा। पुलिस विभाग में अवकाश पर जुलाई माह के अंत तक रोक के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जून के अंतिम सप्ताह और पूरे जुलाई माह के दौरान यह आदेश लागू रहेंगे।

### ये है मामला

जून के अंतिम सप्ताह में अवकाश को लेकर लगातार पुलिस अफसरों की ओर से भी आवेदन दिए जा रहे हैं लेकिन केंद्र के तीन नए कानूनों को लागू करने की तैयारी है। जिसके कारण राज्य में पुलिस अफसरों के अवकाश पर रोक लगाई गई है। यहां पर उल्लेखनीय है कि आईपीसी भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेने वाले तीन कानूनों के मद्देनजर अवकाश पर रोक लगाई गई है। आदेशों के बाद में अब आला अफसरों ने भी कामकाज में जुटे निचले स्तर के अधिकारियों को भी रोक लिया है।

### नए कानूनों का लेंगे प्रशिक्षण



- बहुत जरूरी होने पर ही कर्मचारियों को अवकाश दिया जाएगा
- अफसरों को निर्देश जारी

---

## चार जिलों में विकास कार्यों के लिए 126 करोड़ मंजूर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

**हिसार, जींद, कैथल और सिरसा जिलों में बुनियादी ढांचे का विकास पर खर्च होंगे करोड़ों रुपये**

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत 126 करोड़ रुपये की लागत की 22 प्रमुख परियोजनाओं के लिए प्रशासनिक मंजूरी दी। इन परियोजनाओं से हिसार, जींद, कैथल और सिरसा जिलों में बुनियादी ढांचे का विकास कराया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हिसार के गांव सिसाय में 14.25 करोड़ रुपये की लागत से जलापूर्ति योजना के तहत बालसमंद शाखा से पानी की व्यवस्था की जाएगी। यह योजना जल जीवन मिशन के अनुरूप है। इसके अलावा 3.90 करोड़ रुपये और 1.50 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से नारनौंद और हांसी में विभिन्न ढाणियों में घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) किए जाएंगे। इसी तरह से 4.10 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई है।

उन्होंने बताया कि 46.59 करोड़ रुपये की लागत से सिरसा जिले के (मंडी डबवाली और कालांवाली) गांवों भारूखेड़ा, चोरमार खेड़ा, देसू जोधा, गदराना, हबुआना, जोत्तांवाली, खतरावान, मंगियाना, मसीतां, नौरंग और सुखचैन को 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) की बढ़ी हुई जलापूर्ति का लाभ मिलेगा। इसी प्रकार से 13.65 करोड़ रुपये की लागत से सिरसा जिले के झोड़ा रोही, गिदरांवाली और रगुआना (कालांवाली) गांवों के ग्रामीणों को 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) की बेहतर पेयजल आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि कैथल जिले के पट्टी डोगरान गांव में 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) के साथ पेयजल आपूर्ति बढ़ाने के लिए 3.30 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। जिला जींद के अशरफगढ़ और संडील गांवों के लिए क्रमशः 2.12 करोड़ और 4.84 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, ताकि 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन (एलपीसीडी) पेयजल मिल सके। राज्य सरकार के इस प्रयास से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

---

## हरियाणा मत्स्य विभाग की संयुक्त सचिव की मुश्किलें बढ़ी

**रिश्वत प्रकरण**

- अग्रिम जमानत याचिका हो चुकी खारिज, आरोपी अंडरग्राउंड

**चंडीगढ़।** हरियाणा मत्स्य विभाग में बतौर संयुक्त सचिव तैनात मीनाक्षी दहिया की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रहीं हैं। कई सप्ताह से भूमिगत हुई दहिया गिरफ्तारी से बचने के लिए प्रयासों में लगी हुई है। अपने ही विभाग के जिला स्तर के अधिकारी पर रिश्वत के लिए दबाव बनाना उसके गले की फांस बन गया है। बताया जा रहा है कि एंटी करप्शन ब्यूरो पूरे मामले में काफी कुछ साक्ष्य जुटा चुका है, साथ ही पूरे मामले में कड़ी जुड़ रहीं हैं।

दहिया ने रिश्वत का पैसा लेने के लिए अपने ही चौकीदार को भेज दिया था। मोबाइल बंद कर लापता हुई दहिया की पंचकूला की अदालत में अग्रिम जमानत भी खारिज हो चुकी है। उसके पास काम करने वाले चौकीदार को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। बताया जा रहा है कि उक्त चौकीदार एचएसवीपी में भी दहिया काम कर रहा था, उसके पास में जो एक्टिवा है, वो भी मत्स्य अधिकारी के नाम पर पंजीकृत है गिरफ्तार हुआ चौकीदार वैसे, तो शहरी निकाय विभाग यूएलबी का कर्मचारी है। लेकिन वो दहिया के घर में कामकाज करता रहा है, उसकी नियुक्ति एचएसवीपी में है, जो 2020 में नियुक्त हुआ था। इसके अलावा स्टेनोग्राफर को भी बिचौलिये के तौर पर काम करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। यहां पर बता दें कि एक मामले में चार्जशीट हुआ आरोपित जिला मत्स्य अधिकारी 19 अप्रैल को आभार जताने के लिए आफिस में गया था और उसने रिश्वत के मामले में रिकॉर्डिंग सहित तमाम साक्ष्य एसीबी को दे दिए है। बताया जा रहा है कि किसी भी वक्त मीनाक्षी दहिया की गिरफ्तारी हो सकती है।

---

## एचएसएससी के बाहर बैरिकेडिंग, जवान तैनात




### आए दिन हो रहे प्रदर्शन से आयोग का कामकाज बाधित

चंडीगढ़ हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के बाद आए दिन होने वाले प्रदर्शनों के चलते आयोग के मुख्य गेट को बैरिकेड लगाकर बंद किया गया है। इसके साथ सुरक्षा के लिए जवान तैनात किए गए है। कर्मचारी आयोग की कमान संभाल रहे नए अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने कहा कि वह लगातार भर्तियों के लिए पूछताछ करने वाले युवाओं से मिल रहे है, लेकिन कुछ शरारती तत्व आकर व्यवस्था को खराब करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि जिनकी उचित मांग और समस्या है उसके निराकरण के लिए वह हर समय हाजिर है। लेकिन माहौल खराब करने और यहां आकर राजनीति करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

---

## जीएसटी संग्रह में हरियाणा का योगदान 6 प्रतिशत : दलाल



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (विधायकमंडल सहित) वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक हुई। हरियाणा के वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल भी इस बैठक में शामिल हुए। जय प्रकाश दलाल ने बैठक में कहा कि हरियाणा भारत की जनसंख्या का 2.09 प्रतिशत और कुल भौगोलिक क्षेत्र का 1.34 प्रतिशत वाला एक छोटा राज्य है, फिर भी 2023-24 में अखिल भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में हरियाणा के जीएसडीपी का हिस्सा 3.7 प्रतिशत है और कुल जीएसटी संग्रह में हरियाणा का योगदान 6 प्रतिशत है। दलाल ने कहा कि सरकार ने राज्य में सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। वृद्धावस्था सम्मान भत्ता बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है।

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ की बजट पूर्व बैठक

---

## विस चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता




**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, हरियाणा कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नवनिर्वाचित सांसद सैलजा ने कहा कि अब विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनावों के लिए संघर्ष करें कड़ी मेहनत करें जीत आपकी होगी और सरकार भी आपकी ही होगी।सैलजा ने शनिवार को उकलाना में हलके के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अब विधानसभा में जीतने के लिए संघर्ष और कड़ी मेहनत करने का समय आ गया है। सभी ने लोकसभा चुनावों की भांति एकजुट होकर विधानसभा चुनाव जीतना है तभी हमारी सरकार बनेगी और आप लोगों की उम्मीदें पूरी हो सकेंगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि उकलाना हलका उनका अपना घर है। इस हलके के लोग मेरा परिवार है। कुमारी सैलजा ने कहा कि मेरे पिता चौ. दलबीर सिंह से लेकर अब तक मुझे आप लोगों का जो प्यार मिलता रहा है।

## सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप : गुप्ता



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 25 जून को करनाल में आम आदमी पार्टी का प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। इसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल पहुंचेंगी। इस दौरान सुनीता केजरीवाल हर बूथ को मजबूत करने का बिगुल फूंकेगी और हरियाणा में विधानसभा चुनाव का आगाज करेंगी। इसके बाद आम आदमी पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने बूथ पर जुट जाएगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट चुकी है। पूरे प्रदेश में हर बूथ को मजबूत कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी प्रदेश की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए सक्षम है। उन्होंने जल संकट पर कहा कि हरियाणा की यूनिट 100% हरियाणा के साथ है। हरियाणा में भी पानी का हाहाकार है। जब राजस्थान में बीजेपी की सरकार आई तब हरियाणा सरकार ने हरियाणा के पानी का मुंह राजस्थान की तरफ मोड़ दिया। अब केंद्र सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वो हरियाणा और दिल्ली को पूरा पानी दिलाए और पानी की चोरी को रुका जाए।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर से मिले कंवरपाल



**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने केंद्रीय ऊर्जा व शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में दोनों नेताओं ने आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव समेत कई मुद्दों पर चर्चा की।

## श्री श्याम फाउंडेशन ने लगाया भंडारा

**पंचकूला।** औद्योगिक क्षेत्र 1 में श्री श्याम करूणा फाउंडेशन द्वारा आयोजित 119वें अन्न भंडारे में फाउंडेशन के संस्थापक व समाज सेवी अमिताभ रुंगटा ने कहा कि अन्न दान सभी दानों से सर्वोपरि है। इसलिए सभी संस्थाओं को अपनी व्यवस्था के अनुसार अन्न भंडारा आयोजित कर मानवता का यह कार्य करने के लिए आगे आना चाहिए। रुंगटा ने आगे कहा कि अन्न के साथ स्वच्छ जल का पान अमृत कहलाता है,जो जीवनदायी है। इसलिए अन्न के साथ राहगीरों को जलपान भी करवाए। रुंगटा ने कहा कि गर्मी में सामाजिक कार्यकर्ता सड़क किनारे छबील लगा कर राहगीरों को जो मीठा जलपान करवा रहे है।

---

**बिगड़े बोल** कांग्रेस सांसद जयप्रकाश के खिलाफ भड़की नारी शक्ति

# कांग्रेस की सोच हमेशा से महिला विरोधी जयप्रकाश और उनकी पार्टी माफी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने हिसार लोकसभा सांसद जयप्रकाश के महिला विरोधी बयान पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। अर्चना गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं को अपमानित और प्रताड़ित किया है। जयप्रकाश ने शर्मनाक बयान दिया कि चौधरी बंसीलाल की विरासत किरण चौधरी और श्रुति चौधरी को कैसे मिल सकती है। ऐसे नेताओं की प्रताड़ना से तंग आकर ही आज किरण चौधरी और श्रुति चौधरी को कांग्रेस छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। अर्चना गुप्ता ने कहा कि भारत मां, अंबा, दुर्गा और सरस्वती का देश है, ये अहिल्याबाई का देश है, इस देश ने हमेशा ही महिलाओं को समान अधिकार दिए हैं, लेकिन कांग्रेस नेता महिलाओं के खिलाफ बयान देने से जरा भी हिचकिचाते नहीं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने यहां भाजपा मंगल कमल कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महिलाओं को नीचा दिखाने वाले बयान पर सांसद जयप्रकाश और कांग्रेस पार्टी दोनों ही माफी मांगें।

### टिप्पणी अशोभनीय और निंदनीय : सुनैना



**चंडीगढ़।** इनेलो महिला प्रकोष्ठ प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला ने हिसार से कांग्रेस के सांसद जेपी द्वारा विरासत महिलाओं की नहीं, पुरुषों की होती है जैसे दिए बयान की निंदा करते हुए कहा कि जयप्रकाश पुरुष प्रधान मानसिकता से ग्रस्त हैं। जेपी शायद यह भूल गए है कि जिस कांग्रेस पार्टी से वो संबंध रखते हैं उस पार्टी की कमान संभालने वाली इंदिरा गांधी ही थी। सांसद जयप्रकाश द्वारा इस तरह से महिलाओं पर ओछी टिप्पणी करना बेहद अशोभनीय और निंदनीय है।

### कांग्रेस की मानसिकता विकृत : कविता जैन



**चंडीगढ।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा की नेत्री कविता जैन ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और हिसार से सांसद चुने जयप्रकाश द्वारा चौधरी बंसीलाल की विरासत पर दिए बयान की कडी निंदा करते हुए कहा है कि कांग्रेस महिला विरोधी मानसिकता वाले लोगों से भरी हुई है और सांसद जयप्रकाश इस विकृत मानसिकता के ताजा उदाहरण हैं। पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन ने कहा कि कांग्रेसी सांसद जयप्रकाश का व्यवहार पूरी तरह से गैर-जिम्मेदाराना है। जिस पर पार्टी माफी मांगे।

---

# सोनीपत में डेंगू की दस्तक, गन्नौर और खरखौदा में मिले तीन मरीज

## स्वास्थ्य विभाग ने घर-घर जाकर जांच अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में डेंगू बुखार ने दस्त दे दी है। विभाग की तरफ से चलाए जा रहे अभियान के तहत मिले मरीजों की जांच की। जांच में गन्नौर व खरखौदा से तीन डेंगू से ग्रस्त मरीजों की पुष्टि हुई है। विभाग की तरफ से लोगों को सत्तर्कता बरतने के लिए जागरुक किया जा रहा है। ताकि बुखार को फैलने से रोका जा सके।

- जिले में 168 टीमें संदिग्ध क्षेत्रों में चला रही अभियान

बता दें कि जिले में डेंगू बुखार के साथ-साथ मलेरिया का खतरा बढ़ने लगा है। जिले में अब तक अलग-अलग स्थानों पर डेंगू से ग्रस्त मरीज सामने आ चुके है। सोमवार को जिले में पांच डेंग के नए मरीज सामने आए है।

इतनी तेजी से बढ़ रहे मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अलर्ट जारी किया है। विभाग की 168 टीमें संदिग्ध क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने व जांच अभियान चलाने का काम कर रही है। विभाग के अधिकारी लोगों से सावधानी बरतने की अपील कर रहे है। जिले में अभी तक इस वर्ष 11 मरीज सामने आ चुके है।

### मरीजों को उपचार के बाद घर भेजा

जिले के गन्नौर में दो व खरखौदा से एक मरीज सामने आए था, जोकि स्वस्थ्य है। जिनको उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। इसके साथ जनवरी से लेकर अब तक 11 मरीज सामने आ चुके है। जोकि उपचार के बाद स्वस्थ्य है। विभाग की टीम घर-घर जाकर बुखार व लारवा की जांच कर रही है। समय रहते मरीज का इलाज किया जा सके। विभाग की 164 सदस्यीय टीम जांच में जुटी हुई है। वहीं लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

डा. मंजीत राठी, जिला नोडल अधिकारी।

## खबर संक्षेप

### ठेकेदार को फोन पर मारने की धमकी

**खरखौदा।** युवक ने शराब ठेकेदार को खांडा सिसाना जोन के ठेके नहीं लेने के लिए फोन पर कथित धमकी दी है। कहा गया है कि यदि वह नए ठेके लेने के लिए फॉर्म भरा तो उसे गोली का शिकार होकर अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा। शहर के वार्ड संख्या 7 निवासी ठेकेदार प्रवीन कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष उसने खांडा सिसाना जोन में शराब के ठेके लिए हुए थे। उनकी समयावधि समाप्त हो चुकी है। अब फिर से ठेके लेने के लिए फॉर्म भरे जाने हैं। उसके पास इस क्षेत्र में ठेके न लेने के लिए फोन आ रहे हैं। यदि उसने इस क्षेत्र में नए ठेके लेने के लिए फॉर्म भरा, तो उसे गोली मार दी जाएगी। ठेकेदार प्रवीन कुमार ने पुलिस को लिखित तौर पर अवगत कराया है।

### एनआईटी टीम ने गांजा सहित आरोपी पकड़ा

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने नशे की तस्करी करने वाले एक आरोपी को काबू किया है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम प्रबल है जो हाथरस का निवासी है और फिलहाल फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुजेसर एरिया से आरोपी को अवैध नशे सहित काबू किया था। आरोपी से 244 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाने में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### विकास कार्यों को पूरा करने की गति बढ़ाएं

**फरीदाबाद।** तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर ने फरीदाबाद नगर निगम की आयुक्त मोना ए श्रीनिवासन के साथ समीक्षा बैठक की। श्री नागर ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों की स्पीड बढ़ाएं क्योंकि देरी से मिला विकास व्यर्थ जाता है। नागर ने कहा कि विकास कार्यों को एक सही गति से चलाया जाए जिससे कि जनता का पैसा सही जगह और सही समय पर उनके काम आ सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकास कार्यों को गति देने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं जिसमें कोई अधिकारी ढिलाई ना बरतें।

### फ्रेक्चर गैंग के मुखिया कुल्लू को पकड़ा

**फरीदाबाद।** फ्रेक्चर गैंग के मुखिया कुलभूषण उर्फ कुल्लू को उसके तीन साथियों सहित क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल की टीम ने लूट और लड़ाई झगड़ा के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी कुलभूषण पर लड़ाई झगड़े, धमकी, लूटपाट, फिरौती व हत्या के कुल 15 मुकदमे दर्ज है व आरोपी विकास उर्फ विक्की पर लड़ाई झगड़े, हत्या धमकी व लूटपाट के 7 मुकदमे दर्ज फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने कुलभूषण उर्फ कुल्लू व उसके तीन साथी विकास उर्फ विक्की व पारस निवासी गांव नचौली, अमन निवासी तिलोरी खादर फरीदाबाद सहित गिरफ्तार किया है।

# हाइवे पर इलेक्ट्रिक कार में आग लगी, बाल-बाल बचे दो युवक

- नेशनल हाईवे-71 पर रात्रि में चलती कार में बड़ा हादसा
- आग लगने पर गाड़ी के दरवाजे हो गए थे सेंट्रल लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नेशनल हाईवे-71 पर गत रात्रि एक चलती इलेक्ट्रिक कार में आग लग गई। डैशबोर्ड में चमक देखने के बाद ड्राइवर को आग का पता चला, जिसके बाद उसने व साथ बैठे उसके दोस्त ने कार रोककर भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद फायर ब्रिगेड का सूचना दी। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी।




रेवाड़ी। आग लगने से जलती इलेक्ट्रिक कार। फोटो : हरिभूमि

### डैशबोर्ड पर हाथ मारने पर अचानक खुला गेट

गांव कालूवास निवासी कार मालिक मुकेश ने बताया कि वह टाटा नेक्सन इलेक्ट्रिक कार में एक दोस्त के साथ शहर से रामगढ़ चौक होते हुए झज्जर रोड की तरफ जा रहे थे। रात करीब 10 बजे जब वह रामगढ़ चौक के पास पहुंचे तो कार में आग लग गई। आग लगने पर उसने दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी भी सेंट्रल लॉक हो चुकी थी। उसने डैशबोर्ड पर हाथ मारा तो अचानक कार के लॉक खुल गए तथा तुरंत बाहर निकलकर अपनी जा बचाई। मुकेश ने आसपास से पानी का प्रबंध किया, तब तक गाड़ी पूरी तरह से जल चुकी थी।

## साक्षात्कार का इंतजार



### विधानसभा में निकले पदों के लिए चल रहे साक्षात्कार

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में निकाली गई वेकेंसी के लिए ग्रुप डी से लेकर अन्य पदों पर साक्षात्कार की प्रक्रिया चल रही है। एमएलए हॉस्टल में इसके लिए गठित दो कमेटी इंटरव्यू कर रही हैं, इसके लिए विधानसभा में भी प्रक्रिया जारी है। 20 जून से इसकी शुरुआत हुई है। 20 और 21 को हुए हैं। रिसर्च ऑफिसर, और महिला वाच एडं वार्ड (प्रहरी सहायक) सेवादारों को लेकर इंटरव्यू दो दिनों तक चले हैं। सभी पोस्टों के लिए 8 से 9 सौ तक आवेदन आए थे। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों दो सप्ताह तक परिणाम आ जाएगी।

### हिसार के जमावड़ी गांव की सरपंच निलंबित

**हिसार।** हांसी खंड के गांव जमावड़ी की सरपंच सुदेश देवी को निजी भूमि में छोड़े गए रास्ते पर चबूतरे, सीढ़ी व रैंप को जेसीबी मशीन से तुड़वाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने शिकायतकर्ताओं को बगैर निजी रूप से सुने, बगैर पर्याप्त अवसर दिए तथा राजस्व रिकॉर्ड को नजरअंदाज करके यह अवैध कार्रवाई की थी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उप मंडल अधिकारी (ना.) हांसी को मामले की जांच एक माह के अंदर कर जांच रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए गए हैं। निलंबित सरपंच सुदेश देवी को निर्देश दिए गए हैं कि उनके पास जो भी पंचायत संबंधी चल-अचल संपत्ति रिकॉर्ड है, वह बहुमत रखने वाले पंच को सौंप दें।

## बल्लभगढ़ बस स्टॉप इलाके की घटना, एसआई ने मांगे दस्तावेज

# फरीदाबादः नशे में धुत ड्राइवर ने कार से ट्रैफिक पुलिस कर्मी को घसीटा

### कार चालक की हरकत से देखकर यात्री कूद गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ में नशे में धुत एक कार ड्राइवर ने कई लोगों की जान दांव पर लगा दी। ड्राइवर एक ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी को भी काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। पुलिसकर्मी ने अपनी जान को जोखिम में डालकर ड्राइवर को काबू किया। इस दौरान कार में सवार दूसरे व्यक्ति कूद कर जान बचाई। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। नेशनल हाईवे नंबर 19 स्थित बल्लभगढ़ बस स्टैंड पर यह घटना हुई। ड्राइवर शुक्रवार को बस स्टैंड के पास अपनी कार रोड के बीच में खड़ी कर सवारियां भर रहा था। इस दौरान रोड बाधित होने पर ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर प्रेम प्रकाश मौके पर पहुंच गए। उसने ड्राइवर से कार के कागजात मांगे। इस पर कार ड्राइवर व ट्रैफिक पुलिसकर्मी में आपस में बहस हो गई। घटना का जो वीडियो सामने आया है, उसके अनुसार ड्राइवर कार को भगाने का प्रयास करता है।





- चालक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल
- आसपास के लोगों ने कूद कर अपनी जान बचाई

### कार रोड पर डिवाइडर से भी टकराई



ट्रैफिक पुलिसकर्मी कार की खिड़की पर चढ़ गया है। इसके बाद कार रोड पर डिवाइडर से भी टकराती है। चलती कार में ही पुलिसकर्मी व ड्राइवर में हाथापाई होते भी नजर आ रही है। इस बीच कार में सवार व्यक्ति भी एक-एक कर कूदने लगने। ड्राइवर पुलिसकर्मी को घसीटते हुए ले गया। अन्य पुलिस कर्मियों की मदद से कार ड्राइवर को काबू किया गया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों के अनुसार ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर प्रेम ने जान पर खेल कर ड्राइवर को रोका। ड्राइवर नशे में था। ऐसे में सवारियों के साथ रास्ते में हादसा भी हो सकता था।

### करनाल में ट्रक ने युवक को 100 मीटर तक घसीटा, गई जान

*करनाल। गांव गोल्ली में ट्रक ने सड़क पार कर रहे एक युवक को कुचल दिया। युवक घर से आटा लेने चक्की पर गया था। जैसे ही उसने सड़क पार कर रहा था तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी और 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल युवक को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुनक थाना पुलिस ने आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जांच अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और मृतक के भाई पवन की शिकायत के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।* ***तीन साल पहले हुई शादीः*** *नीरज की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी। उसकी करीब 2 साल की एक बेटी है और उसकी पत्नी सात महीने की गर्भवती है। उसकी पत्नी और परिवार के लोग रो-रोकर बेहाल हैं। इस घटना से गोल्ली गांव में शोक की लहर है। नीरज की अचानक मौत से पूरा परिवार और गांव वाले सदमे में हैं। गांव गोल्ली निवासी सुरेश कुमार का 25 वर्षीय पुत्र नीरज राजमिस्त्री का काम करता था। 21 जून की रात करीब साढ़े दस बजे वह घर से निकला था। उसे घर के पास ही आटा लेने के लिए आटा चक्की पर जाना था।*



- राजमिस्त्री का करता था काम
- दो साल की मासूम बेटी का पिता था

## मां आरोपियों की मांगती रही मिन्नतें

# बेटे के सिर में ईंट मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सैनिक कॉलोनी पुलिस चौकी के अंतर्गत बांगा चौक पर रेहड़ी लगाने वाली एक बुजुर्ग महिला के सामने उसके बेटे के मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में उसकी मौत हो गई। महिला हमलावरों से मिन्नतें करती रहीए लेकिन मानने की बजाए हमलावरों ने बुजुर्ग महिला के साथ भी मारपीट की। थाना डबुआ में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कुछ दिन पहले मृतक ने आरोपी को गाली दे दी थी। तब भी झगड़ा हुआ था। इसी बात को लेकर आरोपी रंजिश रखे हुए था। अब पुलिस जांच कर रही है। आरोपियों की धरपकड़ की जा रही है।



फरीदाबाद पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में जुटी, नेहरू कालोनी के मोची मोहल्ले की घटना

### कुछ दिन पहले आरोपी को दी गाली

#### ऐसे हुआ था विवाद

नेहरू कॉलोनी के मोची मोहल्ला में रहने वाली कमलेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बांगा चौक पर रोटी-सब्जी की रेहड़ी लगाती है। उसके छह बेटा और एक बेटी है। 22 वर्षीय सबसे छोटा बेटा मोहन अविवाहिता था। वह उसके साथ रेहड़ी पर काम में हाथ बंटाता था। रात को वह रेहड़ी पर खाना बना रही थी। तभी वहां नेहरू कॉलोनी निवासी मुन्ना आया। उसने मोहन पर हमला कर दिया। पूछने पर बताया कि तीन-चार दिन पहले मोहन ने उसे गाली दी थी। मुन्ना ने अपने दोस्त को बुला लिया। उसने बताया कि वह हमला करने वाले दोनों आरोपियों से मिन्नतें करती रही, बेटे के साथ मारपीट न करने की गुहार लगाती रही। बीच-बचाव किया लेकिन आरोपी नहीं माने।

#### हमलावर भाग गए

उन्होंने एक ईंट उठाकर बेटे के सिर में दे मारी। बेटे का सिर फट गया और वह अचेत हो गया। हमलावर भाग गए। उसने बेटे को बादशाह खान नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से उसे दिल्ली सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस को शिकायत दी है।

# धर्मेंद्र प्रधान आवास पर बैठक में हरियाणा के विधानसभा चुनाव पर हुआ मंथन

### बिप्लब, धनखड़, सुधा और कैप्टन अभिमन्यु सहित कई नेता रहे मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के आवास शनिवार शाम को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में हरियाणा के आगामी विधानसभा चुनाव और आज रविवार को रोहतक में होने वाले कार्यक्रम को लेकर मंथन हुआ। बैठक में प्रधान के अलावा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह, सह चुनाव प्रभारी बिप्लब देब, पूर्व सांसद सुधा यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु प्रमुख तौर पर उपस्थित थे।

बैठक में विधानसभा चुनाव एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। आज रविवार को रोहतक में भाजपा का अभिनन्दन कार्यक्रम है।



इसमें प्रधान और बिप्लब के अलावा प्रदेश में हाल ही चुने गए भाजपा के सभी पांचों लोकसभा सदस्यों का अभिनन्दन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब के अलावा हरियाणा भाजपा के सभी विधायक और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# एमडीयू ने फीस घटाई, अब छात्रों को देने होंगे 9542 और 9622 रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- पहले 30,660 व 40, 660 रुपये थी फीस, आंदोलन ने किया काम

ममहर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। छात्रों का आंदोलन कामयाब रहा। शनिवार को एमडीयू ने बढ़ाई हुई फीस वापस ले ली है। अब बीए अंग्रेजी, इतिहास, लोक प्रशासन और संस्कृत पाठ्यक्रमों के लिए 30 हजार 660 नहीं बल्कि 9542 रुपये फीस देनी होगी। इसी तरह बीएससी जेनेटिक्स, गणित और सांख्यिकी पाठ्यक्रम की फीस 40 हजार 660 रुपये की गई थी, अब छात्रों को सिर्फ 9622 रुपये पीसी देने होगी। छात्र आंदोलन व शिक्षामंत्री के हस्तक्षेप से करीब चार गुना फीस बढ़ोत्तरी का निर्णय रद कर दिया है। संशोधित फीस एमडीयू वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

#### अब यह रहेगी फीस

**कोर्सः** बीए अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, संस्कृत, इतिहास की 9542 रुपये, बीएससी जेनेटिक्स, गणित, सांख्यिकी, बीकॉम की 9622, फाइन आर्ट 17752, बीबीए 27502 रुपये फीस होगी। पांच वर्षीय यूजी प्रोग्राम एलएलबी (ऑनर्स) 6005, चार वर्षीय यूजी प्रोग्राम बैचलर पब्लिक हेल्थ 17752, बीसीए 27695, बीटीटीएम 28552, बीएचएमसीटी 28552,पांच वर्षीय यूजी प्रोग्राम एमएचएमसीटी 29432 रुपये होगी।

### लापता छात्र के लिए भटक रहे परिजन

**फरीदाबाद।** पिछले रविवार को सेक्टर-3 से नीट की कोचिंग सेंटर जाते वक्त लापता हुए 18 वर्षीय छात्र संजय को तीन दिन में बरामद करने के पुलिस के दावे खोखले साबित हुए। एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस लापता छात्र का सुराग नहीं लगा पाई है। इतना ही नहीं सेक्टर 8 एसएचओ द्वारा लापता छात्र के माता-पिता के साथ दुव्र्यवहार करने वाले दोनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई कर लाइन हाजिर करने के आश्वासन पर भी अभी तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। नागरिकों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

- लापता छात्र के माता-पिता ने पुलिस पर दुर्व्यवहार करने का आरोप

## सैलजा और किरण के सुर में मिलाने लगे सुर, हुड्डा से खुलकर पंगे को तैयार नहीं

# अब बेटे की टिकट को लेकर कैप्टन अजय चिंतित

### बड़े पद पर रहते नहीं बचा पाए थे टिकट

- कैप्टन अजय सिंह यादव को सीएम हुड्डा ने दूसरे कार्यकाल में वित्त विभाग सौंप दिया

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

कांग्रेस ओबीसी सेल के राष्ट्रीय चेयरमैन जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए लोकसभा टिकट गंवा चुके पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को लेकर भले ही किरण चौधरी और कुमारी सैलजा के सुर में सुर मिलाते नजर आने लगे हों, परंतु हकीकत यह है कि वह पूर्व सीएम से किरण या सैलजा की तरह खुलकर पंगा लेने की हिम्मत नहीं जुटा नहीं रहे हैं। खुद की टिकट गंवाने के बाद विधानसभा चुनावों में उन्हें बेटे सीटिंग एमएलए चिरंजीव राव की टिकट को लेकर भी चिंता सताने लगी है।

कैप्टन अजय सिंह यादव वर्ष 2005 के विधानसभा चुनावों से पहले तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष चौ. भजनलाल के काफी करीबी माने जाते थे। इन चुनावों में बहुमत से मिली जीत के बाद कांग्रेस हाईकमान ने सीएम का ताज भजनलाल की जगह हुड्डा के सिर पर रखा, तो कैप्टन भी पाला बदलकर हुड्डा खेमे में शामिल हो गए थे। सीनियर होने के नाते कई बार खुद सीएम पद की दावेदारी जताने वाले कैप्टन की हुड्डा सरकार के पहले कार्यकाल में खूब चली। वर्ष 2009 के विधानसभा चुनावों में कैप्टन ने एक बार फिर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर नेतृत्व दक्षिणी हरियाणा के हाथों में आने की बात कहते हुए खुद को सीएम प्रोजेक्ट करने का प्रयास किया। इन चुनावों में एक बार फिर हुड्डा सरकार बनाने में कामयाब हो गए।



भूपेन्द्र हुड्डा।



कैप्टन अजय यादव।



चिरंजीव राव।

कैप्टन अजय सिंह यादव को उन्होंने दूसरे कार्यकाल में वित्त विभाग सौंप दिया। तत्कालीन यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और कैप्टन के बेटे चिरंजीव राव ने अंबाला के पंजोखरा में आईएमटी के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए विरोध कर रहे किसानों का खुलकर साथ दिया था। कैप्टन के 'बागी तेवर' देखते हुए कुछ समय बाद ही हुड्डा ने वित्त विभाग वापस लेकर उन्हें बड़ा झटका दिया था। इसके बाद से ही कैप्टन का हुड्डा के साथ छत्तीस का आंकड़ा बन गया था। हुड्डा ने बचे हुए कार्यकाल में कैप्टन को बिजली विभाग तक सीमित कर दिया था।

### किरण चौधरी ने खुलकर ली थी टक्कर

हुड्डा ने अपने दूसरे कार्यकाल में तत्कालीन कैबिनेट मिनिस्टर किरण चौधरी को झटका देने के लिए उनसे पर्यटन विभाग वापस ले लिया था। उस समय किरण की सोनिया कैंप में इतनी चलती थी कि वह चंद घंटों बाद ही छीने गए विभाग को वापस लेने में कामयाब हो गई थी, जबकि तमाम प्रयासों के बावजूद कैप्टन वित्त विभाग हासिल नहीं कर पाए थे। किरण के कांग्रेस छोड़ने के बाद कैप्टन भी हुड्डा के खिलाफ मोर्चा खोलने लगे हैं, परंतु उनका विरोध सीमित दिखाई दे रहा है।

### 'विकल्प' को लेकर कैप्टन की चिंता

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने लोकसभा चुनावों में जहां गुरूग्राम सीट पर राज बब्बर के रूप में कैप्टन का विकल्प खड़ा कर दिया, वहीं रेवाड़ी हलके में वह अपनी अलग टीम बनाने में कामयाब रहे हैं। यह टीम कैप्टन से हटकर हुड्डा की मजबूती के लिए काम कर रही है। कैप्टन को इसी बात की आशंका सता रही है कि मजबूत दावेदार होने के बावजूद हुड्डा कहीं विधानसभा चुनावों में चिंरजीव की टिकट नहीं कटवा दें। यही कारण माना जा रहा है कि वह पूर्व सीएम के खिलाफ खुलकर बगावत करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म, आरोपित पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

खेड़ीपुल थाने की टीम ने दुष्कर्म के मुकदमे में 3 महीने से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अंकित तोमर है जो साउथ दिल्ली के मोलड़बंद एक्सटेंशन का रहने वाला है और फिलहाल गाजियाबाद में किराए के मकान पर रह रहा था।

28 मार्च को खेड़ीपुल थाने में दुष्कर्म की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने शादी का झांसा देकर 28 वर्षीय शादीशुदा महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। उस समय दोनों सैक्टर 86 स्थित एक सपा सेंटर में काम करते थे और करीब 6 महीने से एक-दूसरे को जानते थे। आरोपी ने महिला को अपने जाल में फंसाकर शादी का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मार्च में आरोपी की शादी हो गई और उधर महिला आरोपी से गर्भवती थी। महिला को जब आरोपी की शादी के बारे में पता चला तो उसने पुलिस में इसकी शिकायत दी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की गई। पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए आरोपी बिहार भाग गया।



- वारदात को अंजाम देने वाले 3 महीने से फरार चल रहे था

# भारतीय महिला कम्पाउंड तीरंदाजी टीम ने वर्ल्ड कप में लगाई स्वर्ण पदकों की हैट्रिक



एजेंसी ▶▶| अंताल्या

भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कम्पाउंड महिला टीम ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां तीसरे चरण में एस्टोनिया पर जीत से विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त इस तिकड़ी ने यहां एकतरफा फाइनल में एस्टोनिया की लिसेल जाटमा, मीरी मैरिटा पास और मैरिस टेट्समैन को 232-229 से हराया। भारत की महिला कम्पाउंड टीम ने अप्रैल में शंघाई और और मई में येचियोन में क्रमशः विश्व कप के पहले चरण और दूसरे चरण के स्वर्ण पदक जीते थे। इस तरह टीम इस सत्र में अपराजेय रही है। रिकर्व वर्ग में अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा भी दो पदकों की दौड़ में हैं क्योंकि दोनों व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

**ज्योति, अदिति स्वामी और परनीत ने रचा इतिहास**

**235-227** से क्वार्टर में एल साल्वाडोर को हराया

**234-227** से सेमीफाइनल मैच में तुर्किये को रौंदा

**232-229** से फाइनल में एस्टोनियाई तिकड़ी को हराया

## साल का तीसरा और लगातार चौथा गोल्ड



भारतीय विमेंस टीम का कंपाउंड में वर्ल्ड कप में यह लगातार चौथा गोल्ड है। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर ने इस साल के तीन वर्ल्ड कप में गोल्ड जीतने से पहले पिछले साल पेरिस में हुए चौथे वर्ल्ड कप में भी गोल्ड जीता था। वहीं भारतीय टीम की वर्ल्ड कप में यह लगातार 13वीं जीत है। भारतीय टीम 2023 मेडेलिन वर्ल्ड कप से एक भी मैच नहीं हारी है। मेडेलिन वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

### फाइनल का रोमांच

फाइनल में पहले राउंड में भारतीय तिकड़ी ने 58-57 की बढ़त ली। दूसरे राउंड में दोनों टीमों ने 57-57 शॉट लगाए। जिसके बाद एक्सट्रा पांच शॉट मिले, जिसमें भारतीय टिकड़ी एक अंक से आगे रही। वहीं आखिरी राउंड में भी भारतीय तिकड़ी ने 58 शॉट लगाए, जबकि एस्टोनिया की टीम 57 शॉट ही लगा पाई। इस तरह भारतीय टीम ने 232-229 से हरा दिया।

### खबर संक्षेप



### महज औपचारिकता का मुकाबला नहीं : दीप्ति

**बेंगलुरु।** सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने शनिवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय मुकाबले को भारत महज औपचारिकता का मैच नहीं मानेगा बल्कि टीम पिछले मैचों की बढ़त को मजबूत करना चाहेगी। दीप्ति ने मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हां, हमने श्रृंखला जीत ली है लेकिन हम इस मैच को सिर्फ औपचारिकता के रूप में नहीं देखेंगे। हमें जो भी मौके मिलेंगे हम उनसे सीखने की कोशिश करेंगे क्योंकि हम इस सप्ताह के अंत में (चेन्नई में) एकमात्र टेस्ट खेलने जा रहे हैं।'

### डिकॉक की पारी ने अंतर पैदा किया

**ग्रॉस आइलेट।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनके बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक की तरह आक्रामकता नहीं



दिखा पाए। डिकॉक ने 38 गेंद पर 65 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका छह विकेट पर 163 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 156 रन ही बना पाई। बटलर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जिस तरह से डिकॉक ने बल्लेबाजी की उससे वास्तव में हम पर दबाव आ गया था। उसने कुछ शानदार शॉट खेले और हम उसकी बराबरी नहीं कर पाए। मेरा मानना है कि उसकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया।'

### अदिति ने महिला पीजीए में कट हासिल किया



**समामीश।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बावजूद यहां केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट हासिल करने में सफल रहीं। महिला गोल्फ में 30वें मेजर टूर्नामेंट में खेल रही अदिति ने दूसरे दौर मे पांच बोगी से 77 का स्कोर बनाया। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर पांच ओवर 149 है। अदिति संयुक्त रूप से 64वें स्थान पर चल रही हैं। वह अगस्त में पेरिस में अपने तीसरे ओलंपिक में हिस्सा लेंगी।

### मार्क जोथनपुइया ईस्ट बंगाल एफसी से जुड़े

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल एफसी ने शनिवार को भारत के उभरते हुए अंडर-23 खिलाड़ी मार्क जोथनपुइया के साथ तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। यह करार 2026-27 सत्र के आखिर तक प्रभावी रहेगा। जोथनपुइया के पास मिडफील्ड और रक्षापंक्ति दोनों जगहों पर खेलने की क्षमता हैं।

## टी-20 विश्व कप: लगातार दूसरी जीत से सेमीफाइनल का दावा मजबूत किया

# पंड्या-कुलदीप ने दिखाया दम, भारत ने बांग्लादेश को 50 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड (एंटीगा)

हार्दिक पंड्या के तेजतर्रार अर्धशतक के बाद कुलदीप यादव के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में शनिवार को यहां बांग्लादेश को 50 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए अपना दावा बेहद मजबूत किया। इस जीत से भारत के ग्रुप एक में दो मैच में दो जीत से चार अंक हो गए हैं और टीम शीर्ष पर है। ऑस्ट्रेलिया एक मैच में दो अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। लगातार दूसरी हार झेलने वाले बांग्लादेश और अफगानिस्तान का अभी खाता भी नहीं खुला है। भारत के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम कुलदीप (19 रन पर तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह (13 रन पर दो विकेट) और अर्शदीप (30 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने 29 और रिशाद हुसैन ने 24



रन की पारी खेली। इससे पहले पंड्या (नाबाद 50 रन, 27 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के तेजतर्रार अर्धशतक के अलावा विराट कोहली (37), ऋषभ पंत (36) और शिवम दुबे (34) की उपयोगी पारियों से भारत ने पांच विकेट पर 196 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम हसन साकिब ने 32 जबकि रिशाद हुसैन ने 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश ने सतर्क शुरुआत करते हुए पावर प्ले में लिटन दास (13) का विकेट गंवाकर 42 रन बनाए। तंजीद ने अर्शदीप पर चौके से खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में भी दो चौके मारे।

**भारत-196/5 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित का जाहिर बो शाकिब | 23 |
| विराट कोहली बो तंजीम | 37 |
| ऋषभ पंत का तंजीम बो रिशाद | 36 |
| सूर्यकुमार का लिटन बो तंजीम | 06 |
| शिवम दुबे बो रिशाद | 34 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 50 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 03 |

अतिरिक्त: 07
कुल: 20 ओवर में पांच विकेट पर: 196 रन
विकेट पतन: 1-39, 2-71, 3-77, 4-108, 5-161
गेंदबाजी: मेहदी हसन 4-0-28-0, शाकिब 3-0-37-1, तंजीम 4-0-32-2, मुस्ताफिजुर 4-0-48-0, रिशाद 3-0-43-2, महमूदुल्ला 2-0-8-0

**बांग्लादेश-146/8 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| लिटन का सूर्यकुमार बो पंड्या | 13 |
| तंजीद पगबाधा बो कुलदीप | 29 |
| हुसैन का अर्शदीप बो बुमराह | 40 |
| तौहीद हृदय पगबाधा बो कुलदीप | 04 |
| शाकिब का रोहित बो कुलदीप | 11 |
| महमूदुल्लाह का अक्षर बो अर्शदीप | 13 |
| जाकिर का अर्शदीप बो कोहली | 01 |
| हुसैन का रोहित बो बुमराह | 24 |
| मेहदी हसन नाबाद | 05 |
| तंजीम हसन साकिब नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 05
कुल:20 ओवर में आठ विकेट: 146 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-30-2, बुमराह 4-0-13-2, अक्षर 2-0-26-0, पंड्या 3-0-32-1, जडेजा 3-0-24-0, कुलदीप 4-0-19-3

### अफगानिस्तान के सामने आस्ट्रेलिया की चुनौती

**किंग्सटाउन।** भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को यहां टी20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप एक के अपने दूसरे मुकाबले में आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में होगी, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा। अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है और उसके लिए इसे बेहतर करना और साथ ही ग्रुप की अंक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना मुश्किल काम होगा जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है।

### अमेरिका के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगा इंग्लैंड

**ब्रिजटाउन।** गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे अमेरिका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और ऐसे में उसके 'पावर हिटर' की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। वेस्टइंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से इस ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है।

# वेस्टइंडीज ने अमेरिका को 65 गेंद में 9 विकेट से रौंदा



एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शाई होप की धमाकेदार पारी की मदद से वेस्टइंडीज अपने सह मेजबान अमेरिका को 55 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को पंख लगाए।

सुपर 8 के ग्रुप 2 के अपने पहले मैच में इंग्लैंड से हारने वाले वेस्टइंडीज के लिए इस मैच में सब कुछ सकारात्मक रहा। उसने पहले टॉस जीता और फिर अमेरिका की पूरी टीम को 19.5 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज ने इसके बाद होप की 39 गेंद पर खेली गई नाबाद 82 रन की पारी की मदद से केवल 10.5 ओवर में एक विकेट पर 130 रन बनाकर अपने नेट रन रेट में बहुत सुधार किया। वेस्टइंडीज को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका को हराना होगा। इंग्लैंड अगर अपने अगले मैच में अमेरिका को हरा देता है तब भी वेस्टइंडीज आगे बढ़ सकता है क्योंकि अभी उसका नेट रन रेट दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड से बेहतर है।

### पूरन बने सिक्सर किंग

पूरन ने 12 गेंद पर नाबाद 27 रन बनाए। वह इस टूर्नामेंट में अभी तक 17 छक्के लगा चुके हैं जो किसी एक टी20 विश्व कप में नया रिकॉर्ड है। पूरन ने वेस्टइंडीज के अपने पूर्व साथी क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2012 में 16 छक्के लगाए थे। होप ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया और चार्ल्स के साथ पहले विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। उन्होंने छक्के लगाने के अपने कौशल का खुलकर प्रदर्शन किया तथा अपनी पारी के दौरान मिलिंद कुमार पर लगातार तीन छक्के भी लगाए। होप ने विजयी छक्का लगाकर वेस्टइंडीज को लक्ष्य तक पहुंचाया।

## चोटिल एंडी लेंगे सर्जरी का सहारा

एजेंसी ▶▶| लंदन

पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे विंबलडन या पेरिस ओलंपिक में खेलने की कोशिश के बारे में कोई फैसला लेने से पहले पीठ की चोट से निपटने के लिए शनिवार को सर्जरी करवाएंगे। सैंतीस साल के मरे ने पीठ दर्द के कारण बुधवार को क्वींस क्लब में अपने दूसरे दौर के मैच को बीच में ही छोड़ दिया था, तब वह जॉर्डन थॉम्पसन से 1-4 से पीछे चल रहे थे। ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने मुकाबले के शुरू होने से पहले ही अपने दाहिने पैर में परेशानी की शिकायत की थी। मरे पिछले कई साल से लगातार अलग-अलग चोट का सामना कर रहे हैं।



## चेन्नईयिन ने कोनोर का अनुबंध बढ़ाया

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने शनिवार को फॉरवर्ड कोनोर शील्ड्स का अनुबंध एक साल तक बढ़ा



दिया जिससे वह 2025 तक क्लब से जुड़े रहेंगे। वह 2023 में मदरवेल एफसी से चेन्नईयिन एफसी से जुड़े थी। वह क्लब के लिए 27 मैच खेलकर पांच गोल कर चुके हैं जबकि चार गोल करने में मदद कर चुके हैं। क्लब ने एक विज्ञप्ति में कहा कि स्कॉटलैंड का यह 26 साल का खिलाड़ी अब चेन्नईयिन एफसी का अहम हिस्सा बन गया है और कई मौकों पर क्लब की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है।

## एमबापे नहीं खेले, फ्रांस-नीदरलैंड का मैच रहा ड्रॉ



**लीपजिग।** स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबापे पिछले मैच में लगी चोट के कारण नहीं खेल पाए जिसका फायदा उठाकर नीदरलैंड ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के मैच में फ्रांस को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। फ्रांस की ऑस्ट्रिया के खिलाफ पिछले मैच में 1-0 से जीत के दौरान एमबापे की नाक में चोट लग गई थी और उनका इस मैच में खेलना संदिग्ध था। एमबापे ने गुरुवार को मास्क पहनकर अभ्यास किया था और फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स को उम्मीद थी कि यह स्टार फुटबॉलर नीदरलैंड के खिलाफ मैच तक फिट हो जाएगा। उन्होंने हालांकि नीदरलैंड के शारीरिक रूप से मजबूत डिफेंडरों के सामने एमबापे को उतारने का जोखिम उठाना उचित नहीं समझा।

## महिला क्रिकेट : भारत को दूसरे मैच में करना पड़ा संघर्ष

# आज द.अफ्रीका पर क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

पहले दो मैच में हर तरह की चुनौती का डटकर सामना करने वाली भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत ने श्रृंखला का पहला मैच आसानी से जीता लेकिन दूसरे मैच में उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा।

पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया।पिछले मैच में हालांकि लॉरा वोल्वार्ड्ट और मारिजाने कैप ने शतक बनाकर भारतीय गेंदबाजों की नहीं चलने दी और अंतिम गेंद तक मैच को रोमांचक बनाए रखा।



### स्मृति मंधाना के दो लगातार शतक

भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने पहले दो मैच में 117 और 136 रन बनाए और इस तरह से लगातार दो वनडे मैच में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी। भारतीय उप कप्तान अपने इस रिकार्ड को और बेहतर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पिछले मैच में 88 गेंद पर 103 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की लेकिन सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा रन बनाने के लिए जूझ रही हैं जो भारतीय टीम प्रबंधन के लिए भी चिंता का विषय होगा।

### गेंदबाजों को मिलेगा मौका

भारत पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुका है और ऐसे में टीम प्रबंधन गेंदबाज श्रेयंका पाटिल, सायका इशाक और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पूनिया को मौका दे सकता है। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो वह इस मैच में जीत दर्ज करके आईसीसी महिला वनडे चैंपियनशिप के लिए कम से कम दो अंक हासिल करने की कोशिश करेगा जो अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

## एक जुलाई से होगा लंका प्रीमियर लीग का आगाज

LPL 2024

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

वानिंदु हसरंगा की अगुवाई में एंजेलो मैथ्यूज, इसुरु उदाना, महीश तीक्षाना और कुसल मेंडिस जैसे श्रीलंका के अनुभवी खिलाड़ी एक जुलाई से शुरू होने वाली लंका प्रीमियर लीग के पांचवें सत्र में विभिन्न टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

श्रीलंका के अलावा दुनियाभर के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी इस लीग में खेलते दिखेंगे, जिनमें न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स और मार्क चैपमैन, बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान और तास्किन अहमद, पाकिस्तान के शादाब खान और आगा सलमान, वेस्टइंडीज के आंद्रे फ्लेचर और फैबियन एलन, अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी, मुजीब उर रहमान और नूर अहमद तथा दक्षिण अफ्रीका के रिले रोसेउ और रीजा हेंड्रिक्स जैसे नाम शामिल हैं। एक जुलाई से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाली इस लीग में कोलंबो स्ट्राइकर्स, दांबुला सिक्सर्स, गॉल मार्वल्स, जाफना किंग्स और कैंडी की फ्रेंचाइजी भाग लेगी। पांचों टीम लीग चरण में 16 जुलाई तक एक दूसरे का दो बार सामना करेंगी। इसके प्ले ऑफ का आयोजन 18 जुलाई से होगा।

**कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि आम चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा-एनडीए को नहीं मिला। यह अवैध, असंवैधानिक और अल्पमत की सरकार है, जो छोटी-सी गड़बड़ी से ही गिर सकती है। प्रधानमंत्री मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं, उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। सवाल है कि ऐसी बात वो नेता कह रहे हैं जिसके विपक्षी गठबंधन इंडिया को अकेले भाजपा (240) के बराबर सीट भी नहीं मिली। शायद लगातार सत्ता से दूर रहने के चलते कांग्रेस और राहुल गांधी की सियासी कुण्ठा है कि वे ऐसी भाषा बोल रहे हैं। 'रायसीना हिल्स' की सत्ता स्थापित हो चुकी है। मोदी ने लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली है। विपक्ष अब भी मुग़ालते में है कि मोदी सरकार 'अल्पसंख्यक' सरकार है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बार-बार कहा है कि बहुत जल्दी सरकार का पतन हो जाएगा। चुनाव में नकारे जाने के बाद कांग्रेस व उसके सहयोगी दल अब किसी अनहोनी का इंतजार है कि एनडीए टूटे व उसे मौका मिले। क्या पीएम मोदी के प्रति कांग्रेस गलत व भ्रमित नैरेटिव गढ़ रही है? आजकल के इस अंक में इस मुद्दे व नीट विवाद पर एक विश्लेषण...**



# मोदी सरकार को ही जनादेश



विश्लेषण
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**संविधान और लोकतंत्र की भाषा में जनादेश किसे कहते हैं? आम चुनाव का जनादेश क्या है और किसके पक्ष में बहुमत की व्याख्या करता है? मोदी सरकार को अल्पमत, असंवैधानिक सरकार संविधान के किस हिस्से के आधार पर कहा जा रहा है? दरअसल, यह कांग्रेस और राहुल गांधी की कुण्ठा है कि वे ऐसी भाषा बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार पद की शपथ ली है। विपक्ष अब भी मुग़ालते में है कि मोदी सरकार 'अल्पसंख्यक' सरकार है। विपक्ष की राजनीति अपनी है, लेकिन विपक्ष का हरेक मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी को कोसना, सरकार के पतन की बातें करना और मूलतः जनादेश पर सवाल उठाना कौन-सा और कहां का राजनीतिक औचित्य है?**

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि आम चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा-एनडीए को नहीं मिला। यह अवैध, असंवैधानिक और अल्पमत की सरकार है, जो छोटी-सी गड़बड़ी से ही गिर सकती है। प्रधानमंत्री मोदी की छाती 56 इंच के बजाय 30-32 इंच की हो गई है। वह मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बारे में भय और खौफ की जो धारणा थी, वह भी खत्म हो चुकी है। अब कोई भी प्रधानमंत्री मोदी से नहीं डरता, लिहाजा उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। राहुल के अलावा, कांग्रेस के प्रवक्ता और सड़किया कार्यकर्ता तक देश के प्रधानमंत्री को 'झूठा', 'मक्कार', 'फासीवादी' आदि गालियां देते हुए इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। आखिर सवाल है कि संविधान और लोकतंत्र की भाषा में जनादेश किसे कहते हैं? आम चुनाव का जनादेश क्या है और किसके पक्ष में बहुमत की व्याख्या करता है? मोदी सरकार को अल्पमत, असंवैधानिक सरकार संविधान के किस हिस्से के आधार पर कहा जा रहा है? यदि कुछ असंवैधानिक हुआ है, तो कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' अभी तक सर्वोच्च अदालत में क्यों नहीं गए? क्या देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऐसी सरकार को शपथ दिला कर संविधान-विरोधी काम किया है?



## कांग्रेस की कुंठा

दरअसल, यह लगातार सत्ता से दूर रहने के चलते कांग्रेस और राहुल गांधी की कुण्ठा है कि वे ऐसी भाषा बोल रहे हैं। 'रायसीना हिल्स' की सत्ता स्थापित हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार पद की शपथ ली है। उनकी कैबिनेट भी सक्रिय हो चुकी है। विपक्ष अब भी मुग़ालते में है कि मोदी सरकार 'अल्पसंख्यक' सरकार है। दरअसल 'अल्पमत' सटीक शब्द है। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को सरकार के संदर्भ में भी 'अल्पसंख्यक' याद आते हैं। यह शब्द कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बार-बार कहा है कि बहुत जल्दी सरकार का पतन हो जाएगा। यदि विपक्ष की इस भविष्यवाणी को मान भी लिया जाए, तो सहज सवाल है कि उसके बाद क्या होगा? वैकल्पिक सरकार किसकी होगी? अथवा कुछ ही महीनों के बाद देश पर मध्यावधि चुनाव का बोझ लाद दिया जाएगा? प्रधानमंत्री कौन होगा? क्या उसके समर्थक सांसदों की संख्या इतनी होगी कि जनादेश कहा जा सके? सरकारें और सदन बहुमत के आंकड़ों के आधार पर तय होते हैं। एनडीए के बजाय अकेली भाजपा के ही आंकड़ों को गिना जाए, तो 240 सांसदों के साथ वह लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा के बाद कांग्रेस के 98 सांसद हैं, लिहाजा वह दूसरे स्थान की पार्टी है। दोनों के बीच में कोई अन्य दल नहीं है। सदन में बहुमत का जादुई आंकड़ा 272 सांसदों का है। इस लक्ष्य के ज्यादा करीब भाजपा है अथवा कांग्रेस है? परंपरा रही है कि राष्ट्रपति सबसे पहले सदन की सबसे बड़ी पार्टी को सरकार बनाने को आमंत्रण देते हैं। गठबंधन की गुंजाइश उसके बाद ही आती है।

## गठबंधन का अतीत पुराना

यदि इतिहास को खंगाला जाए, तो 1984-89 के बाद चुनाव में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। सभी सरकारें गठबंधन की बनी हैं। वीपी सिंह और चन्द्रशेखर तथा बाद में देवगौड़ा-गुजराल की सरकारों को छोड़ कर शेष सभी गठबंधन सरकारों ने अपने कार्यकाल पूरे किए हैं। प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद 1991 में जो चुनाव हुआ, उसमें कांग्रेस 232 सांसदों वाली सबसे बड़ी पार्टी थी। पीवी नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्रित्व में सरकार बनी, लेकिन वह 'अल्पमत' सरकार थी। सांसदों की खरीद-फरोख्त हुई, नेताओं ने पाले बदले और सरकार के बहुमत का जुगाड़ किया जाता रहा। देश में पहली बार प्रधानमंत्री को किसी अदालत ने 'अभियुक्त' करार दिया और एक विशेष अदालत बनाकर केस चलाने का बंदोबस्त किया गया। बहरहाल मामला रफा-दफा हो गया। उसके बाद 1996 के चुनाव में भाजपा 161 सांसदों के साथ लोकसभा में पहली बार, सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। घोर अल्पमत था, लेकिन राष्ट्रपति ने सरकार बनाने का न्योता दिया। अटलबिहारी वाजपेयी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। चूंकि वह अपने साथ अन्य दलों का गठबंधन बनाने में नाकाम रहे, नतीजतन पद से इस्तीफा देना पड़ा। 1998-99 में भाजपा 182 सांसदों के साथ फिर सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन अल्पमत में थी। एनडीए का गठन उसी दौर में हुआ और इस बार 2004 तक वाजपेयी सरकार बखूबी चली। 'कारगिल युद्ध' भी इसी दौर में हुआ था।

## 2004 से गठबंधन का नया दौर

2004 के आम चुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ। लोकसभा में कांग्रेस के 145 सांसद जीत कर आए और तत्कालीन सत्तारूढ़ भाजपा 138 सांसदों के साथ 'पराजित पार्टी' थी। बहुमत के आंकड़े से दोनों ही पक्ष बहुत दूर थे। वामपंथी दलों के सहयोग से गठबंधन का एक तम्बू तैयार किया गया और उसके नीचे समधर्मा दल लामबंद हुए। तब प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार बनी और वामपंथी सोमनाथ चटर्जी को स्पीकर बनाया गया। बेहद विरोधाभास थे। लगातार हिचकोले खाती रहती थी सरकार, लेकिन गठबंधन जारी रहा। अंततः अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु करार के मुद्दे पर वाममोर्चे के करीब 60 सांसदों ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया। मनमोहन सरकार अल्पमत में आ गई और लड़खड़ाने लगी। तब मुलायम सिंह यादव की सपा के 39 सांसदों और अन्य का जुगाड़ करना पड़ा। मनमोहन सरकार गिरते-गिरते विश्वास मत जीत गई। 2009 के आम चुनाव में भी कांग्रेस 206 सांसदों के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी। भाजपा 116 सांसदों के साथ बहुत पीछे थी। यूपीए-2 की सरकार बनी और डॉ. मनमोहन सिंह ही प्रधानमंत्री चुने गए। ये सभी गठबंधन सरकारों के उदाहरण हैं, जो पांच साल तक चलीं और कार्यकाल पूरे किए। अब सवाल है कि आज मोदी नीत राजग सरकार के पक्ष में चुनाव-पूर्व के गठबंधन का स्पष्ट बहुमत है। सरकार को 293 सांसदों का समर्थन हासिल है। फिर उसे अल्पमत, अस्थिर, असंवैधानिक सरकार क्यों कहा जा रहा है? यह कैसा झूठ है?

## कांग्रेस ने गढ़ा झूठा नैरेटिव

चुनाव के दौरान कांग्रेस और विपक्षी दलों ने एक झूठे नेरेटिव को गढ़ा कि यदि मोदी सरकार ही तीसरी बार आई, तो संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र खत्म हो सकता है। यदि संविधान बदल दिया जाएगा, तो आरक्षण भी कहां रहेगा? देश जानता है कि ये परिवर्तन नहीं किए जा सकते, लेकिन फिर भी दलित, ओबीसी, कुछ आदिवासी, गरीब, अनपढ़ लोगों पर इसका असर हुआ। नतीजतन उप्र, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि राज्यों में भाजपा की अपेक्षाकृत पराजय हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्लिम आरक्षण के खिलाफ खूब प्रचार किया, नतीजतन अब मुसलमानों ने तय कर लिया है कि वे किसी भी चुनाव में भाजपा को वोट नहीं देंगे। प्रधानमंत्री मोदी उनके लिए कुछ भी काम करें, परियोजनाएं बनाएं, लेकिन मुसलमान उस पार्टी और उम्मीदवार को वोट देगा, जो मोदी और भाजपा को हरा सके। यह खुलासा मुस्लिम विशेषज्ञों ने ही किया है। उनका कहना है कि गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर भी मोदी ने इन स्थितियों को झेला है, लेकिन वह कहते रहे हैं कि आप मुझे वोट तो न दो, लेकिन मैं आपका भी मुख्यमंत्री हूं। मुझसे काम तो कराओ। आखिर मुख्यमंत्री से इतनी आबादी नफरत कैसे कर सकती है? इस सांप्रदायिकता ने आम चुनाव में भी भाजपा के जनादेश को प्रभावित किया है, नतीजतन वह 240 सीट पर थम गई है। मुसलमानों का यह भाव 2014 से पहले भी था, लेकिन कुछ फीसदी मुसलमान भाजपा की ओर भी ध्रुवीकृत होने लगे थे। 2024 के चुनाव ने उस पर भी विराम लगा दिया है।

## जनादेश पर सवाल उठाना अनुचित

आज जो जनादेश पर सवाल उठा रहे हैं, उन्होंने आरक्षण, नीट पेपर लीक आदि को भी राजनीतिक रंग दे दिया है। देश के करीब 20 राज्यों में करीब 70 भर्ती, प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक किए गए हैं। इस तरह करीब 2 करोड़ युवाओं के भविष्य अधर में लटक गए हैं। ऐसा भ्रष्टाचार करने वाले कांग्रेस और भाजपा शासित दोनों ही राज्य हैं, लेकिन अपशब्द प्रधानमंत्री मोदी को दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के पुतले जलाए जा रहे हैं। कांग्रेस का छात्र संगठन कई राज्यों में उत्तेजक विरोध-प्रदर्शन कर रहा है। नीट परीक्षा की धांधलियां और विसंगतियां सामने आई हैं। मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है, जिसकी सुनवाई 8 जुलाई को होनी है। राहुल गांधी का बयान है कि पेपर लीक को प्रधानमंत्री न तो रोकना चाहते हैं और न ही रोकने में सक्षम हैं। शिक्षण संस्थानों पर भाजपा-संघ का कब्जा हो गया है। नीट के कुछ छात्र और उनके अभिभावक राहुल गांधी से भी मिले हैं। कांग्रेस नेता ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि वह उनकी लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेंगे। बहरहाल विपक्ष की राजनीति अपनी है, लेकिन हरेक मुद्दे पर प्रधानमंत्री को कोसना, सरकार के पतन की बातें करना और मूलतः जनादेश पर सवाल उठाना कौन-सा और कहां का राजनीतिक औचित्य है? देश आश्वस्त रहे कि जनादेश का बहुमती संकेत भाजपा-एनडीए की ओर है तथा गठबंधन ठोस है। गठबंधन हररोज़ नहीं टूटा करते। नीट का सवाल है, तो छात्र सर्वोच्च अदालत और केंद्र सरकार पर भी भरोसा करना सीखें। किसी की राजनीति का शिकार न बनें।

# निर्दोष अभ्यर्थियों की वेदना के जिम्मेदार कौन



नीट विवाद
डा. भारत
वरिष्ठ कानून प्रवक्ता, पंजाब विवि

प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश पाने से लेकर प्रतिष्ठित नौकरी के अवसर पाने तक, प्रतियोगी परीक्षाएँ भारत में किसी अभ्यर्थी के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं का आज़ादी के बाद से ही बहुत महत्व रहा है, और इसके पीछे कारण था देश की शिक्षा प्रणाली जो इन परीक्षाओं पर बहुत ज़ोर देती थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने इस पृष्ठभूमि के कारण ही उद्यमिता के लिए युवा प्रतिभाओं का समुपयोजन करने के लिए ईमानदारी से अथक प्रयास किया है। हालिया नीट कांड ने सोचने पर विवश किया है।

प्रतियोगी परीक्षाएँ उच्च शिक्षा के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करती हैं। भारतीय शिक्षा के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में, जहाँ डॉक्टर या इंजीनियर बनने के सपने कम उम्र से ही पोषित किए जाते हैं, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और प्रबंधन अध्ययन के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा (कएट) जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। इन प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से लाखों छात्र सीमित सीटों के लिए होड़ करते हैं। इन परीक्षाओं का छात्रों के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाने की संभावनाओं पर सीधा असर पड़ता है। एनईईटी और जेईई परीक्षाओं का दबाव भारतीय शैक्षिक परिदृश्य पर भारी पड़ता है, इन परीक्षाओं में सफलता को अक्सर किसी के शैक्षणिक और पेशेवर भविष्य का निर्णायक कारक माना जाता है।

शीर्ष-स्तरीय महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में उपलब्ध सीटों की सीमित संख्या के साथ, ये परीक्षाएँ योग्यता के आधार पर उम्मीदवारों के चयन के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी तंत्र प्रदान करती हैं। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व का एक और कारण अवसरों को समान करने वाली उनकी भूमिका है। किसी की पृष्ठभूमि या सामाजिक-आर्थिक स्थिति से दूर, ये परीक्षाएँ सभी अभ्यर्थियों के लिए समान अवसर प्रदान करती हैं। बाहरी कारकों के बजाय अकादमिक योग्यता पर ध्यान केंद्रित करके, प्रतियोगी परीक्षाएँ विविध पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उसके बाद आजीविका की संभावनाओं तक पहुँचने का अवसर प्रदान करती हैं। वे बाधाओं को तोड़ने में मदद करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि योग्य अभ्यर्थियों अपनी क्षमताओं के आधार पर शीर्ष तक पहुँच सकें।

## सदाचार बनाम कदाचार

भारत का युवा न केवल देश की आबादी का सत्तर-प्रतिशत हिस्सा हैं, अपितु 2047 के विकसित भारत का हितधारक भी हैं। "सुविधा, सुरक्षा और सम्मान" का सिद्धांत सदाचार का अनुमोदन करता है और कदाचार को अस्वीकृत करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से एक के बाद एक कदाचार, प्रश्न पत्र का खुलासा (पेपर लीक), प्रतिरूपण (दूसरे व्यक्ति से परीक्षा दिलवाने) आदि की घटनाओं के कारण युवाओं का भविष्य दांव पर है। अतीत पर एक नज़र डालें तो राजस्थान में 2018 के बाद से कदाचार की 12 घटनाएं हुई हैं, जबकि जम्मू-कश्मीर में मार्च 2022 में सब-इंस्पेक्टर भर्ती घोटाला और 2017 में एसएससी संयुक्त स्नातक परीक्षा में गड़बड़ सामने आई हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं, लेकिन प्रमुख रूप से, पश्चिम बंगाल में नवंबर 2022 में प्रारंभिक शिक्षा डिप्लोमा का पेपर लीक हुआ था। फरवरी 2023 में फिर से पश्चिम बंगाल में ही अंग्रेजी का पेपर लीक हुआ। पश्चिम बंगाल में स्कूल सेवा आयोग का पेपर भी लीक हुआ। दिसंबर 2022 में राजस्थान में शिक्षक भर्ती घोटाला उजागर हुआ, जबकि फरवरी 2022 में शिक्षकों के लिए राजस्थान पात्रता परीक्षा भी कदाचार से ग्रस्त हो गई और परीक्षा फिर से आयोजित करनी पड़ी। मई 2022 में राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा घोटाले की भेंट चढ़ गई थी। गौरतलब है कि अब 2024-एनईईटी परीक्षा में धांधली होने के बारे में व्यापक शिकायतों और हाल ही में आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) का भी पेपर लीक शर्मनाक है। निहित स्वार्थ से प्रेरित इन कदाचार की घटनाओं ने एक बड़ा सवालिया निशान लगा युवाओं का भविष्य दांव पर लगा दिया है।

## न्यायालय में जनहित याचिका

एनईईटी-2024 प्रवेश परीक्षा 5 मई 2024 को 4,750 केंद्रों पर 571 शहरों में (विदेश के 14 शहरों सहित) आयोजित की गई थी और इसमें लगभग 24 लाख अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। इस परीक्षा के परिणाम 14 जून को घोषित होने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले ही पूरा हो जाने के कारण परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे। सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न उच्च न्यायालयों में एनईईटी-2024 विवाद से संबंधित कथित



लीक और कदाचार के सभी मामलों पर रोक लगा दी है और उन्हें सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर एक साथ सुनवाई कराने की बात कही है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा 5 मई 2024 को आयोजित परीक्षा में कदाचार हुआ था, इसके के विभिन्न उदाहरण याचिकाकर्ता के संज्ञान में आए थे। परीक्षा में धांधली भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है, क्योंकि इसने कुछ उम्मीदवारों को दूसरों पर अनुचित लाभ दिया जिन्होंने निष्पक्ष तरीके से परीक्षा देने का विकल्प चुना। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई कराने पर सहमति व्यक्त की है। सर्वोच्च न्यायालय ने करते हुए नोटिस जारी करते हुए 8 जुलाई 2024 तक जवाब मांगा है, जब मामले की अगली सुनवाई होगी। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर बल देते हुए कहा कि अखिल भारतीय परीक्षा के परिणामों पर फिलहाल रोक नहीं लगाई जा सकती है और प्रवेश पर कोई भी निर्णय याचिका के समाधान पर निर्भर होगा। न्यायालय का सक्रिय रुख राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं के संचालन में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024

इस अधिनियम का प्रस्ताव करने वाला विधेयक 5 फरवरी 2024 को लोकसभा में पेश किया गया था और अगले दिन 6 फरवरी 2024 को पारित हो गया था। 9 फरवरी को राज्यसभा ने भी विधेयक को पारित कर दिया। इसे 12 फरवरी को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली और 21 जून 2024 को केंद्र सरकार ने आधिकारिक राजपत्र में इसे अधिसूचित किया। इस अधिनियम का उद्देश्य संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे - बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं, मेडिकल, इंजीनियरिंग और विश्वविद्यालय कार्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाओं सहित राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित विभिन्न कंप्यूटर आधारित सार्वजनिक परीक्षाओं में धोखाधड़ी और अनियमितताओं पर अंकुश लगाना है। हालांकि, यह अधिनियम 21 जून 2024 से पहले की घटनाओं पर पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं होगा। इस अधिनियम में परीक्षा पत्र लीक करने के लिए जिम्मेदार लोगों के लिए न्यूनतम तीन साल की जेल का प्रावधान है, जिसे पाँच साल तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं, संगठित सिंडिकेट के मामलों में दस साल की जेल का प्रावधान है। अधिनियम में सेवा प्रदाता कंपनियों की परीक्षाओं में कोई अनियमितता पाए जाने पर एक करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान है और परीक्षा की आनुपातिक लागत भी उससे वसूल की जाएगी। इसके अलावा दोषी पाए जाने पर ऐसी कंपनियों को चार साल के लिए सार्वजनिक परीक्षा आयोजित करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

## चिंता की बात

निःसंदेह इस कानून का उद्देश्य युवाओं की योग्यता की रक्षा कर उनका कल्याण करना है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस साल बजट सत्र की शुरुआत में संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में परीक्षाओं में अनियमितताओं के संबंध में चिंता व्यक्त की थी। लेकिन आज महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि भ्रष्ट आचरण के चलते कुछ बेईमान तत्व जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं, उनके आकांक्षाओं और आजीविका को नष्ट करते हैं और कभी-कभी घातक आत्महत्याओं का कारण बनते हैं, को उदाहरणात्मक, कठोरतम सार्वजनिक दण्ड निर्दोष-अभ्यर्थियों के लिए मरहम का काम कर सकता है? क्या इससे उन्हें अपने पोषित सपनों को पूरा करने में मदद मिल सकती है? क्या इससे उन्हें अपने खोए हुए अवसरों को पुनः प्राप्त करने में मदद मिल सकती है? क्या यह वह वैकल्पिक समाधान सिद्ध हो सकता हैं? यदि उपरोक्त सभी प्रश्नों का उत्तर "नहीं" है तो इस विषय पर गंभीर अंतर्निरीक्षण – आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है। जैसा 'भारत-भारती' में मर्मान्तक वेदना का अनुभव करते हुए राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा था– हम कौन थे, क्या हो गए हैं, और क्या होंगे अभी। आओ विचारें आज मिलकर, यह समस्याएं सभी।

# कश्मीर के भारतीयकरण में योगदान




बलिदान दिवस
डा. दयानंद कादयान
शिक्षाविद्

केंद्र सरकार द्वारा 5 अगस्त 2019 को संविधान की धारा 370 को खत्म कर दिया गया जो कश्मीर के भारतीयकरण पर सबसे बड़ी रुकावट थी। भारतवर्ष बेशक 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ हो पर भारत की अखंडता व संपूर्णता पर जम्मू-कश्मीर रूपी सवालिया निशान लटक रहा था। भारत के लिए स्वर्णिम घड़ी तब आई जब राज्यसभा में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन एवं अधिनियम 2019 पारित किया गया। जिसमें जम्मू कश्मीर के ऊपर दो संविधान, दो प्रधान तथा दो निशान की कालिख को एक झटके में साफ कर दिया गया। इसके लिए आजादी के बाद लंबा संघर्ष हुआ था, जिसका नेतृत्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बलराज मधोक, अटल बिहारी वाजपेई व वैद्य गुरुदत्त आदि ने किया था। परंतु इस गरिमामयी नेतृत्व श्रृंखला में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सबसे ऊपर दिखाई देते हैं।

भारतीयकरण के महानायक श्यामा प्रसाद मुखर्जी अपनी बुद्धि प्रतिभा से 33 वर्ष की उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बन गए थे। विश्व का सबसे युवा उपकुलपति होने का श्यामा प्रसाद को ही गौरव प्राप्त है। वे कोलकाता विश्व विद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में बंगाल की विधान परिषद के सदस्य भी चुने गए थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू की अंतरिम सरकार में भी उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बने तथा संविधान निर्माण व क्रियान्वयन में अपना अनूठा योगदान दिया। 6 अप्रैल 1950 को उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और भारतीय जन संघ की स्थापना में जुट गए। गुरु गोलवलकर के परामर्श से 21 अक्टूबर 1951 को जनसंघ की स्थापना हुई थी। पहले आम चुनाव में वे सांसद निर्वाचित हुए और जम्मू कश्मीर के मुद्दे पर बड़ी जिम्मेदारी के साथ संसद में बोले थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी वीर सावरकर के जीवन दर्शन से भी बड़े प्रभावित थे।

सन 1937 में मुखर्जी आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतकर बंगाल विधानसभा में विरोधी दल के नेता बने थे। बाद में भी अखिल भारतीय हिंदू महासभा के सदस्य बने व अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके गठबंधन सरकार में वित्त मंत्री बने थे। सन 1942 में गठबंधन सरकार से त्यागपत्र देकर भारत छोड़ो आंदोलन में कूद पड़े थे। भारत छोड़ो आंदोलन के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानियों में शुमार थे।

जम्मू कश्मीर पर पाकिस्तान व



मुस्लिम लीग जैसे संगठनों ने अपने पासे आजादी के समय से ही फेंकने शुरू कर दिए थे। उसी समय पाक फौज व मुजाहिदों ने जम्मू कश्मीर पर जेहाद छेड़ दिया। मुजफ्फराबाद, मीरपुर और कोटली जैसे नगरों में हजारों हिंदुओं का सरेआम कत्ल कर दिया गया। जिहादियों ने जुल्मों की सारी सीमाएं लांघ दी थीं। जम्मू कश्मीर के महाराजा हरि सिंह ने भारत से सहायता मांगी। परंतु पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सत्ता शेख अब्दुल्ला को सौंपने की शर्त पर सहायता का प्रस्ताव स्वीकार किया। यहीं से भारतवर्ष में धरती के स्वर्ग कश्मीर का दुर्भाग्य का दौर शुरू हुआ था। भारत की सेना ने सैन्य कार्रवाई करते हुए मुजाहिदों व पाक सेना को खदेड़ दिया था।

जम्मू कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र संघ में चला गया था। पंडित नेहरू ने कश्मीर को भारत से अलग रखने वाले संविधान की धारा 370 को स्वीकार कर लिया था। धारा 370 की आड़ में पंडित नेहरू के चहेते शेख अब्दुल्ला जम्मू कश्मीर के स्वयंभू शासक बन गए। इस अनुच्छेद की आड़ में अलगाववादी ताकतें भारत में विरोधी विमर्श गढ़ने में जुट गई थी। अब्दुल्ला राज में जम्मू कश्मीर में प्रवेश के लिए परमिट का नियम लाया गया। मानो जम्मू कश्मीर भारत का कोई हिस्सा ही न हो। इसका परिणाम यह हुआ कि तिरंगा फहराने पर मेलाराम जैसे देशभक्तों पर गोली चला दी जाती थी। इस तुष्टिकरण की राजनीति का खामियाजा भारत ने 70 वर्षों तक झेला है। पंडित प्रेम नाथ डोगरा के नेतृत्व में प्रजा परिषद ने शेख की राष्ट्रवाद विरोधी इच्छाओं को सफल नहीं होने दिया था जबकि शेख अब्दुल्ला ने कश्मीर में अलग प्रधान, अलग विधान तथा अलग निशान का राग अलाप रखा था। नेहरू जी को शेख का सहयोग प्राप्त था। कम्युनिस्ट पार्टियां भी शेख का समर्थन कर रही थीं। शेख ने धारा 370 का फायदा सरेआम उठाना शुरू कर दिया। शेख अब्दुल्ला इतने भारतीयता के खिलाफ चले गए कि 1952 में एक खेल समारोह में नेशनल कांफ्रेंस का झंडा फहरा दिया गया था। इस पर कश्मीर के हजारों छात्रों ने सड़क पर उतरकर विरोध किया था। शेख सरकार की अलगाव- नीति की भारत के कोने-कोने में भर्त्सना की गई थी।

पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 26 जून 1952 को संसद में कश्मीर का मामला उठाते हुए कहा था, 'शेख अब्दुल्ला मुस्लिम लीग की भारत विभाजन की पृथकतावादी नीतियों पर चलकर कश्मीर की अखंडता के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। वे राष्ट्रभक्ति के दल प्रजा परिषद तथा पंडित प्रेमनाथ डोगरा का उत्पीड़न करने पर उतरू हो गए हैं। वे धारा 370 के बल पर पृथक संविधान, पृथक निशान चाहते हैं। कश्मीर अलग झंडा व अलग संविधान लेकर स्वतंत्र गणराज्य बने, यह कदापि सहन नहीं किया जाएगा।' श्यामा प्रसाद ने नेहरू-लियाकत अली समझौते का भी प्रबल विरोध किया था। 1953 में नेहरू को पत्र लिखकर उनकी शेखपरस्ती के बारे में जनता को आगाह किया था।

# दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी

# 80 साल का रिकॉर्ड टूटा, धरती से पहाड़ों तक दिखा असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में इस बार भीषण गर्मी और हीटवेव ने सभी का हाल बेहाल कर दिया। इस साल गर्मी का हाल ऐसा है कि दिन ही नहीं रात में भी तापमान रिकॉर्ड तोड़ रहा है। इससे पहाड़ी क्षेत्र भी नहीं बचे। जम्मू-कश्मीर में छह दिन, हिमाचल प्रदेश (12) और उत्तराखंड में दो दिन हीटवेव देखी गई। केरल में 5 तो तमिलनाडु जैसे तटीय क्षेत्रों 14 दिन हीटवेव के दर्ज किए गए।दिल्ली में तापमान ने पिछले 80 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उत्तर भारत के राज्यों में ही हीटस्ट्रोक के कारण अनेक लोगों की जान चली गई। देशभर में लू से मरने का सिलसिला जारी है।

### मई अब तक का सबसे गर्म महीना

यूरोपीय जलवायु एजेंसी कॉपरनिकस के अनुसार मई 2024 अब तक का सबसे गर्म मई का महीना था। उत्तर पश्चिम भारत और मध्य क्षेत्र के कुछ हिस्से प्रचंड गर्मी की चपेट में हैं। इस साल देश सबसे लंबी और भीषण गर्मी झेल रहा है। साल 2024 पिछले 15 वर्षों में सबसे तीव्र और सबसे अधिक हीटवेव वाले दिनों वाला वर्ष बनने जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों से पता चला है कि 1 मार्च से 9 जून के बीच 15 से अधिक हीटवेव वाले दिन दर्ज किए गए हैं। आमतौर पर औसतन 6-8 लू वाले दिन होते हैं। वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन ग्रुप के अध्ययन से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन ने पूरे एशिया में अनुभव की गई हीट वेव की तीव्रता को काफी बढ़ा दिया है। उत्तर भारत में सामान्य रूप से तापमान 40-48 डिग्री सेल्सियस को पार करता रहा है। जून भी उसी तर्ज पर उबला है।

### इसकी भयावहता ने अनेक लोगों और जीव-जंतुओं की जान ले ली

#### यह साल सबसे लंबी और भीषण गर्मी वाला रहा

ग्लोबल वॉर्मिंग का सबसे स्पष्ट प्रभाव हीटवेव नई आपदा बनकर उभरा है। यह साल सबसे लंबी और भीषण गर्मी वाला रहा है और देश में 25,000 से अधिक हीटवेव से बीमार हुए लोगों के मामले दर्ज किए गए हैं।




#### सबसे ज्यादा रहे हीटवेव वाले दिन

मौसम विभाग का कहना है कि पिछले 15 सालों में सबसे अधिक हीटवेव वाले दिन 2024 में देखने को मिले हैं। सबसे अधिक हीटवेव वाले (27) दिन ओडिशा में दर्ज किए गए हैं, इसके बाद राजस्थान (23), गंगीय पश्चिम बंगाल (21), हरियाणा (20), चंडीगढ़ (20), दिल्ली (20) और पश्चिम उत्तर प्रदेश (20) का स्थान रहा।

### दुनिया के 40 फीसदी हिस्से में बढ़ा औसत तापमान

जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित यूके स्थित प्रकाशन कार्बन ब्रीफ ने पिछले साल एक विश्लेषण प्रकाशित किया था जिसके मुताबिक धरती के लगभग 40 फीसद हिस्से ने 2013 से 2023 के बीच अपना उच्चतम दैनिक तापमान दर्ज किया था। इसमें अंटार्कटिका भी शामिल हैं। इस अवधि के दौरान भारत में सबसे अधिक तापमान राजस्थान में दर्ज किया गया।

### मौतों पर आईएमडी ने दी चेतावनी

आईएमडी ने चेतावनी दी कि सभी आयुवर्ग के लोगों में ताप जनित बीमारियां और हीट स्ट्रोक की बहुत अधिक संभावना है और कमजोर लोगों के लिए अत्यधिक देखभाल की आवश्यकता है। वर्षों के वैज्ञानिक शोध से पता चला है कि जलवायु संकट के कारण हीटवेव अधिक लंबे समय तक, अधिक बार और अधिक तीव्र हो रही हैं।

## खबर संक्षेप



### बिहार में एक और पुल ढहा, कोई हताहत नहीं

**सिवान (भाषा)।** बिहार में एक सप्ताह से भी कम समय में पुल ढ़हने की एक दूसरी घटना शनिवार को सामने आयी। सिवान जिले में एक छोटा पुल ढ़ह गया लेकिन इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। सिवान के जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''यह पुल दरौंदा और महाराजगंज प्रखंडों के बीच से गुजर रही एक नहर पर बनाया गया था जो सुबह लगभग पांच बजे अचानक ढह गया। इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ। यह एक बहुत पुरानी संरचना थी और जाहिर तौर पर नहर में पानी छोड़े जाने पर खंभे धंस गए। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि जब तक इसे बहाल नहीं किया जाता है, तबतक प्रभावित गांवों के निवासियों को यथासंभव कम से कम असुविधा हो।''

### ओबीसी नेता हाके ने खत्म किया अनशन


**मुंबई।** ओबीसी नेता लक्ष्मण हाने ने अपना अनशन खत्म कर दिया है। हाके10 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे थे। शनिवार को पानी पीकर



इस अनशन को खत्म कर दिया।महाराष्ट्र सरकार की तरफ से लक्ष्मण हाके को लिखित में आश्वासन दिया गया है कि राज्य सरकार उनके सभी मांगो को लेकर सकारात्मक चर्चा कर रही है। सरकार ने कुछ मांगों पर फैसला ले लिया है।

### कोलकाता के गार्स्टिन प्लेस में भीषण आग

**कोलकाता।** देश के विभिन्न हिस्सों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई हैं। शनिवार



सुबह कोलकाता के 5वें गार्स्टिन प्लेस में भीषण आग लग गई। बिल्डिंग करीब 100 साल पुरानी बताई जा रही है, जिससे उसमें रहने वालों के मन में इसके गिरने की आशंका भी है। यहां कई पुरानी इमारते हैं। उनमें कई परिवार रह रहे हैं। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

### कारोबारी के ठिकानों पर सीबीआई छापा

**जयपुर।** राजस्थान में बजरी माफिया पर सीबीआई ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। जानकारी




सामने आई है कि बजरी कारोबारी मेघराज सिंह के कई ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि बजरी किंग मेघराज सिंह के एमआरएस एसोसिएट ग्रुप की चेक पर अवैध बजरी खनन के खिलाफ सीबीआई ने कार्रवाई की है।


## आंध्र प्रदेश में सत्ता बदली और सियासी लड़ाई का दौर शुरू

*मुख्यमंत्री पर लगा बदले की कार्रवाई का आरोप*

# जगन की पार्टी के दफ्तर पर चला नायडू का बुलडोजर, मामला पहुंच गया हाईकोर्ट

*पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी का कार्यालय ध्वस्त किया*

मामला अदालत में था विचाराधीन







एजेंसी ▶▶ अमरावती

आंध्र प्रदेश में सत्ता बदल गई है, जिसके बाद नई सरकार के तहत प्रशासन धड़ाधड़ फैसले ले रहा है और शनिवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी का कार्यालय ध्वस्त कर दिया गया। राज्य के विजयवाड़ा के तोडेपल्ले जिले में पार्टी का यह कार्यालय बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया गया।

इस केस में वाईएसआरसीपी ने सीएम चंद्रबाबू नायडू पर 'बदले की राजनीति' का आरोप लगाया है। पूर्व सीएम रेड्डी की पार्टी ने कहा कि उसने आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और एक रिट याचिका दायर की थी, जिसमें सुनवाई पूरी होने तक ताडेपल्ली में उनके केंद्रीय कार्यालय भवन के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के खिलाफ आदेश देने का अनुरोध किया गया था।

### झुकेगी नहीं वाईएसआरसीपी

*वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन ने कहा है कि चुनाव के बाद हो रही हिंसक घटनाओं और खून-खराबे ने इसके संकेत दे दिए हैं कि चंद्रबाबू नायडू सरकार के पांच साल का शासन कैसा रहने वाला है? इन धमकियों, हिंसा के इन कृत्यों से वाईएसआरसीपी न तो झुकेगी और न ही पीछे मुड़कर देखेगी। हम जनता की ओर से, जनता के लिए और जनता के साथ कड़ा संघर्ष करेंगे। मैं देश के सभी लोकतंत्रवादियों से अनुरोध करता हूं कि वे चंद्रबाबू नायडू सरकार के इस कृत्य की निंदा करें।*

### अधिकारियों ने कहा- परिसर की दीवार से सटी संरचनाओं को हटाया

आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार नगर निगम के अधिकारियों ने जगन के आवास के बाहर फुटपाथ पर टाइल लगाने का काम करने के लिए परिसर की दीवार से सटी संरचनाओं को हटाया।

### उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया

वहीं इस मामले पर वाईएसआरसीपी नेता रवि चंद्र रेड्डी ने कहा कि बिना किसी प्रक्रिया का पालन किए बुलडोजरों ने वाईएसआरसीपी कार्यालय को ध्वस्त कर दिया। यह टीडीपी की शुद्ध प्रतिशोध की राजनीति है। बता दें कि इससे पहले 15 जून को प्राधिकरण ने हैदराबाद के तेलंगाना वाले हिस्से में जगन के लोटस पॉन्ड निवास के निकट फुटपाथ पर कुछ संरचनाओं को ध्वस्त किया था।

### जगनमोहन ने बोला हमला दमनकंद किया जा रहा

बताया जा रहा है कि वाईएसआरसीपी का निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय भवन कथित तौर पर 'अवैध रूप से कब्जे वाली' भूमि पर बनाया जा रहा था। इस आरोप को लेकर जगन की पार्टी ने कहा कि मामला अभी अदालत में विचाराधीन था, फिर भी टीडीपी सरकार ने वाईएसआरसीपी के कार्यालय पर बुलडोजर चलवा दिया जो कि बदले की नीति है। पूर्व सीएम जगन मोहन ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि आंध प्रदेश में चंद्रबाबू अपने दमनकंद को एक नए स्तर पर ले गए। एक तानाशाह ने ताडेपल्ली में लगभग पूरा हो चुके वाईएसआरसी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पर बुलडोजर चला दिया। हाई कोर्ट के आदेशों की अनदेखी की गई। राज्य में कानून और न्याय तंत्र पूरी तरह से समाप्त हो गया है।

## जल संकट पर दिल्ली में सियासी गर्मी

# आतिशी के 'जल सत्याग्रह' के खिलाफ भाजपा ने टैंकर माफिया पर उठाया सवाल




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में पानी का संकट सियासी रूप ले लिया है। इससे संकट दूर होने के बजाए यह सियासी नफा-नुकसान मुख्य मुद्दा बन गया है। आम आदमी पार्टी की मंत्री आतिशी का अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। अपने 'जल सत्याग्रह' स्थल से एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि जब तक हरियाणा दिल्ली की जनता के लिए और पानी नहीं छोड़ता, तब तक वह कुछ नहीं खाएंगी।

उन्होंने दावा किया कि शहर में 28 लाख लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। इस बीच, भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उनको रोकने और तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार की।

### अपनी ही सरकार के खिलाफ आप का प्रदर्शनः पूनावाला

आतिशी के आरोपों पर भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कड़ा प्रतिवाद किया है। उन्होंने कहा कि आप पिछले 10 सालों से दिल्ली में सत्ता में है। उनके पास दिल्ली जल बोर्ड है, एमसीडी है। उनके पास



सभी महत्वपूर्ण विभाग हैं तो क्या वे अपनी ही सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं?

### धरने पर ही नौकरी से निकाले गए बस मार्शलों ने प्रदर्शन किया

आतिशी के मंच के पास नौकरी से निकाले गए बस मार्शलों ने प्रदर्शन किया। सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें किसी तरह से हटाया। प्रदर्शनकारियों ने आपपर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि उन्हें बसों में मार्शल के रूप में तैनात किया गया था। सरकार ने उन्हें नौकरी से निकाल दिया।

### कांग्रेस का भी आप के खिलाफ मोर्चा

कांग्रेस भी इस मामले में हमलावर है। अलका लांबा ने कहा कि यह दिल्ली की आप सरकार द्वारा जारी 'पानी सत्याग्रह' के मंच की सुबह की तस्वीर है। मंच खाली है और मंत्री गायब हैं, जो पिछले कमरे में सत्याग्रह के नाम पर आराम फरमा रही हैं। जो सत्ता में हैं उन्हें धरना देने की बजाए समस्या का निराकरण करना चाहिए और यदि यह उनके बूते की बात नहीं है तो तत्काल इस्तीफा दें।

*जोधपुर में सांप्रदायिक तनाव*

# ईंट और पत्थर से हमला, कई दुकानें फूंकी, चप्पे- चप्पे पर पुलिसबल तैनात

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

राजस्थान के जोधपुर जिले में शुक्रवार रात दो समुदाय के लोग आपस में भिड़ गए और उन्होंने एक दूसरे पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान कई दुकानें व गाड़ियां फूंक दी।

पुलिस उन्हें रोकने के लिए वहां पहुंची तो उपद्रवियों ने उन पर भी हमला कर दिया। अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर बुलाकर हालात पर काबू पाया गया। हालांकि अभी भी पूरे इलाके में सांप्रदायिक तनाव बना हुआ है। चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### पुलिस कार्रवाई से दोबारा किया पथराव



पुलिस के वहां पहुंचते ही सभी असामाजिक तत्व घरों में घुस गए। इसका फायदा उठाकर सबसे पहले पुलिस ने दमकल वाहनों को बुलाकर आग पर काबू पाया। इसके बाद पुलिस ने पथराव करने वाले लोगों को घरों से निकालना शुरू कर दिया। इसी कारण वहां दोबारा पथराव शुरू हो गया।

### धार्मिक इमारत में गेट खोलने पर विवाद

सूरसागर क्षेत्र के व्यापारियों का मोहल्ला में दो पक्षों में लंबे समय से विवादा था। 2-3 दिन पहले भी नाबालिग बच्चों झगड़ा हुआ था, जिसके बाद परस्पर मुकदमा दर्ज करवाया था। शुक्रवार को एक पक्ष के लोग धार्मिक इमारत की दीवार में गेट खोलने लगे, जिसका दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध किया। यही विवाद बड़ा रूप ले लिया।

### मायावती ने छीना था ओहदा, अब आकाश को दी फिर अहम जिम्मेदारी

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद की राजनीति में री-एंट्री हो रही है। लोकसभा चुनाव के



दौरान मायावती ने उन्हें 'अपरिपक्व' बताकर पार्टी में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के पद और अपने उत्तराधिकार से हटा दिया था। अब विधानसभा उपचुनावों में उत्तराखंड और पंजाब के जरिए उन्हें फिर राजनीति में सक्रिय किए जाने की तैयारी है। स्टार प्रचारकों की लिस्ट में वे दूसरे नंबर पर हैं। अब उन्हें दो राज्यों के विधानसभा उपचुनावों में प्रभारी बनाया है तो बसपा में एक बार फिर धीरे-धीरे उनकी सक्रियता बढ़ेगी।

### जगन्नाथ प्रभु का जलयात्रा जुलूस



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में वार्षिक रथ यात्रा या रथ जुलूस से पहले जल यात्रा जुलूस के हिस्से के रूप में जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी और अन्य संत साबरमती नदी का पवित्र जल एक धातु के घड़े में भर रहे हैं।

## शाह ने अहमदाबाद में 30 स्मार्ट स्कूलों का किया ई-लोकार्पण

# नई शिक्षा नीति से छात्रों के जीवन में प्रकाश फैलेगा

*स्मार्ट स्कूलों के पाठ्यक्रम में स्किल डेवलपमेंट, वोकेशनल ट्रेनिंग, डिजिटल एम्पावरमेंट शामिल*

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में 30 स्मार्ट स्कूलों का ई-लोकार्पण किया। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति 2020 के तहत अहमदाबाद म्युनिसिपल स्कूल बोर्ड द्वारा 36 करोड़ की लागत से निर्मित 30 स्मार्ट स्कूलों का आज लोकार्पण हुआ है। इनमें घाटलोडिया विधानसभा में 9स्मार्ट स्कूल, वेजलपुर विधान सभा क्षेत्र में 10, नारणपुरा में 4 और साबरमती में 7 स्मार्ट स्कूल का लोकार्पण हुआ है।

इन 30 स्मार्ट स्कूलों के लोकार्पण से 10 हजार से अधिक बच्चों को नई शिक्षा नीति का सीधा फायदा मिलेगा और उनके जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलेगा।इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



### गांधीनगर लोस क्षेत्र में 59 स्कूल स्मार्ट बने

उन्होंने कहा कि गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र के कुल 69 में से 59 स्कूल स्मार्ट स्कूल बन गए हैं और जो स्कूल बचे हैं वो भी जल्द ही स्मार्ट स्कूल में परिवर्तित हो जाएंगे। इन स्मार्ट स्कूलों के पाठ्यक्रम में स्किल डेवलपमेन्ट, वोकेशनल ट्रेनिंग, डिजिटल एम्पावरमेन्ट को शामिल किया गया है। इसके साथ ही गणित, विज्ञान प्रयोगशालाएं, फ्यूचर क्लासरूम, थ्री-डी एजुकेशनल चार्ट, थ्री-डी पेन्टिंग और भारतीय संस्कृति के सारे पहलुओं का अभ्यास भी सम्मिलित किया गया है।

### मोदी के योग के प्रस्ताव को दुनिया ने माना

शाह ने कहा कि आज से 10 साल पहले 2014 में प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव रखा था कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। पीएम मोदी के प्रस्ताव का दुनिया के लगभग 170 देशों ने समर्थन किया। 10 साल से हर वर्ष 21 जून को पूरा विश्व हमारे ऋषि-मुनियों की देन योग का अंतरराष्ट्रीय दिवस मना रहा है।

### हर तबके के बच्चों को मिलेगा लाभ

शाह ने कहा कि मंत्री बनने के बाद उनका पहला कार्यक्रम समाज के निम्न और गरीब वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित किया गया है। केंद्र की मोदी सरकार हर बच्चे को शिक्षा संबंधी लाभ दे रही है।

## पुल पर फंसी गाड़ी, किसी तरह ट्रैक पर पहुंचा

# जान हथेली पर रख लोको पायलट ने खराबी सुधारी

एजेंसी ▶▶ चंपारण

बिहार के पश्चिम चंपारण जिले से एक चौंकाने वाली खबर है। एक लोको पायलट कभी पुल से लटकते तो कभी ट्रैक पर रेंगते नजर आए। उन्होंने ऐसा काम कर दिखाया जिससे लोग हैरान हैं।

अब इस काम के लिए रेलवे ने इन्हें 10 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। समस्तीपुर रेल मंडल के वाल्मिकीनगर और पानियावा स्टेशन के बीच पिलर नंबर 383 पर अचानक पैसेंजर ट्रेन के लोको इंजन का अनलोड वॉल्व लीक हो गया। इस कारण ट्रेन वहीं खड़ी हो



गई। पुल के ऊपर रेलवे की टीम का पहुंचना भी मुश्किल था। इस बीच लोको पायलट और सहायक लोको पायलट ने वॉल्व को ठीक करने की ठान ली।

वे पुल से लटककर टैक के पास पहुंचे। ट्रैक पर रेंगते हुए लीकेज को ठीक करने के लिए इंजन तक पहुंचे। इसके बाद एयर प्रेशर के लीकेज को ठीक कर दिया।




## असेंबली लाइन स्थापित करने पर विचार

# दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी लॉकहीड मार्टिन भारत में सी 130 जे सुपर विमान बनाएगी

### सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस की फैक्ट्री लगाने पर बात

*भारतीय वायु सेना (आईएएफ) को मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की आपूर्ति करने के सौदे को हासिल करने के लिए कई दिग्गज मैदान में उतर रहे हैं, जिनमें से एक दुनिया की सबसे बड़ी हथियार बनाने वाली कंपनी लॉकहीड मार्टिन भी शामिल है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लॉकहीड मार्टिन वही कंपनी है, जिसने अमेरिका के लिए पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान जी-35 और एफ-22 का निर्माण किया है और अब ये अमेरिकी रक्षा दिग्गज, मेक इन इंडिया के तहत भारत में विशेष ऑपरेशन विमान सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस के लिए असेंबली लाइन स्थापित करने पर विचार कर रहा है।



#### लॉकहीड मार्टिन और महिंद्रा के बीच हुआ एमओयू

लॉकहीड मार्टिन का यह बयान एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी और महिंद्रा के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद आया है। सी-390 मिलेनियम एक मल्टी-मिशन, ट्विन-इंजन, जेट-संचालित, सामरिक परिवहन विमान है। यह बाजार में सबसे आधुनिक सैन्य परिवहन विमान है, जो अन्य मध्यम आकार के सैन्य परिवहन विमानों की तुलना में ज्यादा पेलोड (26 टन) ले जा सकता है, और 870 किमी/घंटा (470 नॉट) की गति से उड़ान भर सकता है। यह 2019 में ब्राज़ीलियाई वायु सेना में शामिल हुआ। तब से, इसे ब्राज़ीलियाई वायु सेना, पुर्तगाली वायु सेना, हंगेरियन वायु सेना, ऑस्ट्रियाई वायु सेना, चेक गणराज्य वायु सेना और रॉयल नीदरलैंड वायु सेना में शामिल किया गया है। दक्षिण कोरिया ने दिसंबर 2023 में इसे चुना था।

#### भारत को चाहिए परिवहन एयरक्राफ्ट

दरअसल, इंडियन एयरफोर्स (आईएएफ) अपने एडवांस रूसी अल्ल-32 परिवहन विमान बेड़े को बदलने की योजना बना रही है। आईएएफ लगभग 100 विमानों का संचालन करता है, जो 2031-32 में 44 साल की सेवा पूरी कर लेंगे और उसके बाद उन्हें बारी-बारी से रिटायर करने की योजना बनाई गई है। इंडियन एयरफोर्स ने शुरू में रूस के साथ एक संयुक्त विकास परियोजना के तहत एमटीए खरीदने की योजना बनाई थी। और दोनों देशों ने 2012 में विमान के सह-विकास के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस सौदे के तहत भारत को ऐसे 45 विमान खरीदने थे और रूस करीब 100 विमान खरीदता।

लेकिन 2016 में दोनों देशों के बीच विमान के इंजन और डिजाइन के बारे में सहमति नहीं बनने के बाद यह सौदा नाकाम हो गया। जानकारी के अनुसार कि इस रेस में शामिल अन्य कंपनियों में ब्राजील की कंपनी एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी शामिल है, जिसने फरवरी में भारतीय कंपनी महिंद्रा के साथ मिलकर भारत में सी-390 मिलेनियम मल्टी-मिशन एयरक्राफ्ट का निर्माण करने की योजना पेश की थी। वहीं, यूरोपियन एयरबस डिफेंस एंड स्पेस, अपने ए-400 एम एयरक्राफ्ट के साथ इस होड़ में शामिल है। लॉकहीड मार्टिन को इस रेस में बढ़त हासिल है।

#### वायुसेना 40 से 80 विमानों को शामिल करेगी

भारतीय वायुसेना, भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के तहत 40 से 80 विमानों को शामिल करने की सोच रही है। नए परिवहन विमानों में 18 से 30 टन कार्गो-ले जाने की क्षमता होने की उम्मीद है। भारतीय वायुसेना, भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के तहत 40 से 80 विमानों को शामिल करने की सोच रही है। नए परिवहन विमानों में 18 से 30 टन कार्गो-ले जाने की क्षमता होने की उम्मीद है। एमटीए के लिए जो रिक्वेस्ट ऑफ इन्फॉर्मेशन है, उसके मुताबिक आईएएफ ने विदेशी विक्रेताओं से 40, 60 और 80 विमानों के बैच के लिए विमान और संबंधित उपकरणों की लागत का एक सामान्य अनुमान देने के लिए कहा है। सी-390, 26 टन का पेलोड ले जा सकता है।

#### भारतीय कंपनी टाटा के साथ पहले से जुड़ी है लॉकहीड मार्टिन

लॉकहीड मार्टिन के बिजनेस डेवलपमेंट (एयर मोबिलिटी और मैरीटाइम मिशन) के उपाध्यक्ष एंथनी जी फ्रेज़ के हवाले से कहा, कि अमेरिकी फर्म भारत में सी-130 जे के लिए असेंबली लाइन स्थापित करने पर भी विचार कर रही है। फ्रेज ने कहा, कि एमटीए कंपीटिशन हमें इंडियन एयरफोर्स की सामरिक एयरलिफ्ट आवश्यकताओं को पूरा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। हम भारत में सी-130जे के लिए असेंबली लाइन स्थापित करने के विकल्प तलाश रहे हैं।

लॉकहीड मार्टिन के पास पहले से ही टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के साथ एक ज्वाइंट वेंचर है, जो सी-130 जे के लिए एम्पेनेज (टेल असेंबली) का वैश्विक स्रोत है। यह देखना अभी बाकी है, कि लॉकहीड मार्टिन फिर से भारतीय वायुसेना से कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय फर्म का उपयोग करेगा या नहीं। इसके अलावा एयरबस ने पहले ही आईएएफ को सी-295 परिवहन विमान की आपूर्ति के लिए टीएएसएल के साथ साझेदारी की है।

---

विमान में 329 लोग मारे गए थे

## एयर इंडिया की उड़ान में बम विस्फोट मामले की जांच जारी



एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा की पुलिस ने कहा है कि एअर इंडिया की उड़ान संख्या-182 को बम से उड़ाने की जांच अब भी जारी है। पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया है। पुलिस ने यह टिप्पणी विमान को बम से उड़ाने के 39 साल पूरे होने से तीन दिन पहले की है।

#### पीड़ित परिवारों के साथ सहानुभूति व्यक्त की

इनमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। यह बम सिख आतंकवादियों ने 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के जवाब में रखा था। यह अभियान अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए 1984 में चलाया गया था। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के सहायक आयुक्त डेविड टेबौल ने एक बयान में कहा कि बम विस्फोट की यह वारदात देश के इतिहास में कनाडाइयों की जान लेने वाली और उन्हें प्रभावित करने वाली आतंकवाद संबंधी सबसे भयावह घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। टेबौल ने कहा कि एअर इंडिया बम विस्फोट मामले की तफ्तीश देश के इतिहास में सबसे लंबी और घरेलू आतंकवाद से संबंधित सबसे जटिल जांच में से एक है।

## अमेरिका में सेना के अड्डों के करीब चीन ने खरीदी जमीन



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के लिए आज के समय सबसे बड़ा टेंशन चीन बना हुआ है। चीन बाहर से अमेरिका को परेशान कर ही रहा है। लेकिन अब यह अमेरिका की अंदर से भी टेंशन बढ़ा रहा है। चीन पूरे अमेरिका में सैन्य प्रतिष्ठानों के करीब रणनीतिक रूप से कृषि भूमि खरीद रहा है। इस कारण संभावित जासूसी और घुसपैठ के जरिए राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंध की आशंका बढ़ गई है। जानकारी के मुताबिक रिपोर्ट में फ्लोरिडा से लेकर हवाई तक 19 ठिकानों की पहचान की गई है, जो चीनी संस्थानों की ओर से खरीदी गई जमीन के करीब है। चीन के लिए काम करने वाले जासूस इनका इस्तेमाल कर सकते हैं।

## पंजाब में पाक सीमा के पास तीन ड्रोन व हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़(भाषा)।** पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास तीन स्थानों से तीन ड्रोन और हेरोइन बरामद हुई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने बताया कि तलाश अभियान के बीएसएफ और पंजाब पुलिस को तरन तारन जिले में नूरवाला गांव के पास एक खेत में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास चीन निर्मित ड्रोन मिला। दूसरे मामले में शनिवार को बीएसएफ ने ड्रोन के बारे में सूचना मिलने पर फिरोजपुर जिले में सीमा के पास तलाश अभियान चलाया। अधिकारी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने लाखा सिंह वाला गांव के पास खेत से ड्रोन के साथ एक पैकेट जब्त किया, जिसमें हेरोइन और एक खाली मैगजीन थी। बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने शनिवार को फाजिल्का जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक खेत से एक और ड्रोन बरामद किया। प्रवक्ता ने बताया कि ड्रोन के साथ ही गहलेवाला गांव के खेत से 520 ग्राम हेरोइन से भरा पैकेट भी मिला।

**ओडिशा कर्फ्यू में ढील :** ओडिशा के बालासोर में स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होने के बाद इस शहर में लगे कर्फ्यू में और ढील दी गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बालासोर शहर में सोमवार रात को समूहों के बीच झड़प और पथराव में कई लोगों के घायल होने के बाद कर्फ्यू लगा दिया था।




मालवाहक जहाज डाली के चालक दल में थे शामिल

## करीब तीन महीने फंसे रहे आठ भारतीय स्वदेश रवाना हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के बाल्टीमोर में मालवाहक जहाज गिरने से ध्वस्त हुए पुल के नीचे फंसे जहाज पर तीन महीने तक फंसे रहने के बाद चालक दल के आठ सदस्य भारत रवाना हो चुके हैं। बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज टूटने के कारण नदी में फंसे जहाज एमवी डाली पर 20 भारतीय और एक श्रीलंकाई सवार थे। बाल्टीमोर मैरीटाइम एक्सचेंज की रिपोर्ट के मुताबिक चालक दल के कुल 21 सदस्यों में से चार अभी भी जहाज पर ही फंसे हैं। बाल्टीमोर पुल हादसे के लगभग तीन महीने के बाद



मालवाहक जहाज- एमवी डाली पर सवार भारतीय चालक दल के कुछ सदस्य स्वदेश लौट रहे हैं। आठ भारतीय चालक दल के सदस्य शुक्रवार को भारत के लिए रवाना हो गए। 21 चालक दल के सदस्यों में से चार अभी भी 984 फुट लंबे मालवाहक जहाज पर ही फंसे हैं। जहाज शुक्रवार शाम वर्जीनिया के नॉरफ़ॉक रवाना होगा।

इस वर्ष लगभग 2 लाख ओपीडी आयोजित की गई

## केंद्र सरकार ने जारी किया 'हज तीर्थयात्रा के लिए चिकित्सा देखभाल व्यवस्था' दस्तावेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को 'हज यात्रा के लिए चिकित्सा देखभाल व्यवस्था' शीर्षक से एक दस्तावेज जारी किया। यह दस्तावेज स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया गया है। यह दस्तावेज स्वास्थ्य सेवाओं का रोडमैप प्रस्तुत करता है और यह भी बताता है कि तीर्थयात्री इन सेवाओं का लाभ कैसे उठा सकते हैं।

#### भारत से 1,75,025 तीर्थयात्रियों ने हज यात्रा की

*इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि इस वर्ष भारत से लगभग 1,75,025 तीर्थयात्रियों ने हज यात्रा की, जिनमें से लगभग 40,000 बुजुर्ग थे, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक थी। इस वर्ष मौसम की खराब परिस्थितियों को देखते हुए, स्वास्थ्य चुनौतियों ने तीर्थयात्रियों के लिए चौबीसों घंटे सेवाएं प्रदान करना आवश्यक बना दिया है। पिछले वर्ष, पिछले अनुभव से सीख लेते हुए मौखिक स्वास्थ्य और दंत चिकित्सा सेवाओं को भी शामिल किया गया है।*

#### यात्रियों की चिकित्सा देखभाल

*केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने यह भी कहा कि इस वर्ष लगभग 2 लाख ओपीडी आयोजित की गई हैं, साथ ही तीर्थयात्रियों के लिए चिकित्सा टीमों द्वारा दौरा भी किया गया है। अपूर्व चंद्रा ने कहा कि एनआईसी की मदद से एक लाइव पोर्टल विकसित किया गया है, जो चिकित्सा देखभाल चाहने वाले तीर्थयात्रियों और प्रदान की जा रही सेवाओं पर वास्तविक समय डेटा और विश्लेषण प्रदान करता है।*

इजराइल ने राफा के पास रिलीफ कैंप पर किया बड़ा हमला

## 25 लोगों की मौत, 50 घायल रेडक्रॉस फील्ड अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ▶▶ राफा

इजराइल की सेना ने राफा शहर के उत्तरी हिस्से में विस्थापित फिलिस्तीनियों के लिए बनाए गए शिविरों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए. गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय और आपातकालीन विभाग के कर्मचारियों ने यह जानकारी दी।



#### हमास ने इजराइल को ठहराया जिम्मेदार

*हमास द्वारा संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से भी कहा गया है कि गोलाबारी में 25 लोग मारे गए और 50 घायल हुए। हमले के लिए हमास ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया।*

#### इजराइल की आलोचना

*अब जबकि हमास के खिलाफ इजराइल का युद्ध अपने नौवें महीने में है, नागरिक जीवन की भारी कीमत पर गाजा में व्यवस्थित विनाश के इजराइल के अभियान पर अंतरराष्ट्रीय आलोचना बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने निष्कर्ष निकाला है कि गाजा में नरसंहार का संभावित खतरा है।*

#### फिलिस्तीनियों के शिविरों पर हमला

इजराइली बलों ने शुक्रवार को गाजा के दक्षिणी शहर राफा के उत्तर में विस्थापित लिस्तीनियों के लिए शिविरों पर गोलाबारी की, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए और 50 अन्य घायल हो गए। यह छोटे फ़िलिस्तीनी क्षेत्र में नया घातक हमला था, जहां इज़राइल और हमास के बीच लड़ाई में सैकड़ों हजार लोग भाग गए हैं।

#### गाजा में कोई भी जगह सुरक्षित नहीं

संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि गाजा में कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है और मानवीय स्थितियां गंभीर हैं क्योंकि लोग पर्याप्त भोजन, पानी या चिकित्सा आपूर्ति के बिना तंबू और तंग अपार्टमेंट में आश्रय लिए हुए हैं. वहीं इज़राइल का कहना है कि वह हमास के लड़ाकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है और वह नागरिकों की मौत को कम करने की कोशिश कर रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25